This is a digitally signed Gazette, to verify click here.
http://rajpatrahimachal.nic.in

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

शुक्रवार, 26 जून, 2015 / 05 आषाढ़, 1937

हिमाचल प्रदेश सरकार

पशु पालन विभाग

अधिसूचना

शिमला, 19 मार्च, 2015

संख्याः एएचवाई–ए(3)1 / 09–पार्ट––I.––राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् अधिनियम, 2010 (2010 का अधिनियम संख्यांक 21) की धारा 54 की उप धारा (1) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् विनियम, 2015, बनाते है, अर्थातः–

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.––(1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् (सम्पत्ति का प्रबन्धन, इसके लेखे बनाए रखना और संपरीक्षा) विनियम, 2015 है।

(2) ये विनियम, इनके राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं.– (1) इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो;–

(क) "प्ररूप" से इन विनियमों से संलग्न प्ररूप अभिप्रेत है;
(ख) "विनियमों" से हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् विनियम, 2015 अभिप्रेत है;
(ग) "बजट" से परिषद् का बजट अभिप्रेत है;
(घ) "समिति" से परिषद् द्वारा गठित समिति अभिप्रेत है; और
(ङ) "वर्ष" से प्रथम अप्रैल से प्रारम्भ होने वाला तथा 31 मार्च को समाप्त होने वाला वर्ष अभिप्रेत है।

(2) समस्त अन्य शब्दों और पदों, जो इन विनियमों में प्रयुक्त हैं, किन्तु परिभाषित नहीं हैं, के वही अर्थ होंगे, जो उनके क्रमशः अधिनियम और तद्धीन विरचित नियमों में हैं।

3. सम्पत्ति का अर्जर्नन.–परिषद्, अधिनियम के प्रयोजन हेतु सम्पत्ति का अर्जन या तो क्रय द्वारा या पट्टे पर कर सकेगी।

4. स्थावर सम्पत्ति का रजिस्टर.––परिषद् इन विनियमों से संलग्न प्ररूप–क में इसमें निहित और इससे सम्बन्धित स्थावर सम्पत्ति का एक रजिस्टर बनाए रखेगी।

5. सम्पत्ति का अनुरक्षण.––रजिस्ट्रार, सम्पत्ति को सुरक्षित, अनुरक्षित रखेगा तथा इसके लेखों को पृथक् रखेगा।

6. क्रय तथा भेंट या दान का प्रतिग्रहण.––परिषद् ऐसी जंगम सम्पत्ति, जैसी अपेक्षित हो, का क्रय करेगी, इसको दी गई भेंट या दान का प्रतिग्रहण करेगी तथा इसे परिषद् के स्टॉक रजिस्टर में दर्ज करवाएगी।

7. स्थावर सम्पत्ति का अन्तरण.––परिषद् एक प्रस्ताव पारित करेगी कि कोई भी स्थावर सम्पत्ति, जिसकी परिषद् को निकट भविष्य में आवश्यकता नहीं है, का विक्रय या पट्टे द्वारा अन्तरण कर सकेगी।

8. लोक नीलामी द्वारा अन्तरण.––स्थावर सम्पत्ति का सिवाय लोक नीलामी के विक्रय या पट्टे द्वारा, कोई अन्तरण नहीं किया जाएगा:

परन्तु यदि परिषद् की यह राय है कि ऐसी सम्पत्ति का लोक नीलामी द्वारा अन्तरण वांछनीय नहीं है, तो यह राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से ऐसा अन्तरण बिना लोक नीलामी से कर सकेगी।

9. नीलामी का संचालन.––परिषद् की स्थावर सम्पत्ति की नीलामी रजिस्ट्रार द्वारा, ऐसी रीति में, जैसी परिषद् द्वारा समय–समय पर निदेशित की जाए, संचालित की जाएगी।

10. वार्षिक किराए का अग्रिम में संदेय होना.–– स्थावर सम्पत्ति का प्रत्येक पट्टा, पट्टे की अवधि के दौरान प्रत्येक वर्ष, अग्रिम में वार्षिक किराये के संदाय की शर्त के अध्यधीन होगा।

11. नीलामी की सूचना का प्रकाशन तथा विक्रय या पट्टे की शर्तें– विक्रय या पट्टे की शर्तें, नीलामी की तारीख, समय और स्थान को विनिर्दिष्ट करने वाला नोटिस, जिसमें उक्त सूचना अन्तर्विष्ट हो, की एक प्रति परिषद् के नोटिस बोर्ड पर चिपकाकर प्रदर्शित की जाएगी। जहां स्थावर सम्पत्ति का नियत मूल्य पच्चीस हजार रूपये से अधिक है, तो उक्त नोटिस को स्थानीय समाचार पत्र में भी प्रकाशित करवाया जाएगा।

12. नीलामी का पर्यवेक्षण.––नीलामी, परिषद् द्वारा इस प्रयोजन के लिए समय–समय पर गठित समिति के पर्यवेक्षण के अधीन की जाएगी।

13. नीलामी की शर्तें.––नीलामी, किन्हीं अन्य शर्तों के अतिरिक्त, जिन्हें परिषद् निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन, अधिरोपित करना उचित समझे, की जाएगी, अर्थातः–

(क) किसी भी व्यक्ति को बोली देने के लिए तब तक अनुज्ञात नहीं किया जाएगा जब तक कि उसने सम्पति के नियत मूल्य के पाँच प्रतिशत के बराबर की राशि अग्रिमधन के रूप में नीलामी को संचालित करने वाले अधिकारी के पास जमा नहीं करवा दी है;

(ख) उच्चतम बोली परिषद् द्वारा पुष्टि के अध्यधीन स्वीकार की जाएगी:

परन्तु निम्नतर बोली राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से स्वीकार की जा सकेगी।

(ग) व्यक्ति, जिसकी बोली स्वीकार की गई है, नीलामी मूल्य का पच्चीस प्रतिशत उसकी बोली स्वीकार करने के तुरन्त पश्चात् जमा करेगा। अग्रिम धन के निक्षेप को नीलामी मूल्य में समायोजित किया जाएगा। यदि बोली देने वाला, यथा अपेक्षित नीलामी मूल्य का पच्चीस प्रतिशत जमा करने में असफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा किया गया अग्रिम धन समपहृत हो जाएगा और नीलामी रद्द समझी जाएगीय और

(घ) अतिशेष संदत्त किया जाएगा और अन्तरण विलेख बोली की पुष्टि के तीस दिन के भीतर निष्पादित किया जाएगा। यदि वह अतिशेष को बोली की पुष्टी के तीस दिन के भीतर जमा करने में असफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई पच्चीस प्रतिशत की रकम समपहृत हो जाएगी और नीलामी रद्द समझी जाएगी।

14. अग्रिम्रम धन का प्रतिदाय.––(1) अन्य बोली देने वालों के अग्रिम धन की रकम का सम्बद्ध व्यक्तियों को प्रतिदाय कर दिया जाएगा।

(2) जहां विनियम 13 (ख) के पस्तुक के अधीन प्रस्तावित निम्नतर बोली को स्वीकार किया जाता है, वहाँ उक्त विनियम के विनियम 13 (ग) के अधीन जमा की गई रकम का, सम्बद्ध व्यक्ति को राज्य सरकार द्वारा निम्नतर बोली को अनुमोदित करने के बाद, यथाशक्य शीघ्र प्रतिदाय कर दिया जाएगा।

15. स्थावर सम्पत्ति की पुनः नीलामी.––स्थावर सम्पत्ति, जिसकी नीलामी विनियम 13 के अधीन रद्द की गई है, की इन विनियमों द्वारा उपबन्धित रीति में पुनः नीलामी की जाएगी।

16. पुस्तकों तथा रजिस्टरों का रख–रखाव.–– रजिस्ट्रार, निम्नलिखित पुस्तकों तथा रजिस्टरों को बनाए रखेगा, अर्थातः–

(1) रोकड़ बही (2) खाता–बही (3) डाक टिकटों सहित डायरी और प्रेषण रजिस्टर (4) निष्क्रीय स्टॉक रजिस्टर (5) मुद्रित प्रमाण पत्रों के लिए स्टॉक रजिस्टर (6) रसीद बहियां (7) अनुदान का रजिस्टर (8) बाउचरों की नस्ति (9) उपस्थिति रजिस्टर (10) छुट्टी लेखों का रजिस्टर (11) यदि नियमित कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं, तो परिषद् की अंशदायी भविष्य निधि के रख–रखाव के लिए अपेक्षित रजिस्टर (12) सेवा पुस्तकें और अन्य रजिस्टर, जो आवश्यक हों।

17. परिषद् के धन का बैंक में जमा किया जाना.––परिषद् ऐसे अनुसूचित बैंकों में, जो समय–समय पर अवधारित किए जाएं, खाता खोलेगी और इसके द्वारा प्राप्त समस्त धन को ऐसे बैंको में जमा करेगी।

18. परिषद् की ओर से धन की प्राप्ति.––परिषद् को संदेय समस्त धन, परिषद् की ओर से रजिस्ट्रार द्वारा या उसके द्वारा इस निमित लिखित में प्राधिकृत परिषद् के किसी अन्य कर्मचारी द्वारा प्राप्त किया जाएगा और विनियम 17 के अधीन परिषद् द्वारा यथा अवधारित बैंक में जमा किया जाएगा। रजिस्ट्रार द्वारा धन प्राप्त करने के बदले में प्ररूप–ख में एक रसीद जारी की जाएगी।

19. परिषद् के खातों का संचालन.––बैंक में परिषद् के खातों का संचालन रजिस्ट्रार द्वारा किया जाएगा।

20. स्थाई अग्रिम.––रजिस्ट्रार, आपात्तिक कार्यालय व्ययों की पूर्ति के लिए, केवल दस हजार रूपये का स्थाई अग्रिम रखेगा।

21. लेखों का रख–रखाव.––परिषद् की ओर से प्राप्त या व्यय किया गया समस्त धन, रजिस्ट्रार के सीधे पर्यवेक्षण के अधीन प्ररुप–ग में अनुरक्षित की गई साधारण रोकड़ बही में परिषद् के लेखों (अकॉउण्टस) में दर्ज किया जायेगा और उसमें की गई समस्त प्रविष्टियां उसके द्वारा हस्ताक्षरित की जाएंगी।

22. परिषद् की निधियों में से आहरण.––परिषद् की निधियों में से आहरण, केवल रजिस्ट्रार द्वारा हस्ताक्षरित चैक के माध्यम से ही किया जाएगा।

23. परिषद् की निधियों से संदाय.––(1) पांच हजार रूपये तक के समस्त संदाय नकद में किए जा सकेंगे।

(2) पांच हजार रूपये से अधिक के संदाय चैक के माध्यम से किए जाएंगे और चैक संख्या तथा तारीख का संदर्भ सम्बद्ध बिल में उद्धृत किया जाएगा, ताकि दोहरे संदाय को रोका जा सके। तृतीय पक्षकारों को संदेय समस्त चैक, उन्हें बैंक से संदाय प्राप्त करने के लिए दिए जाएंगे, परन्तु परिषद् के कर्मचारिवृन्द के वेतन और भत्ते तथा अधिकारियों का मानदेय और भत्तों का, रकम का विचार किए बिना, नकद संदाय किया जाएगा।

(3) जब कभी धन रोकड़ तिजोरी (कैश चेस्ट) में रखा जाना अपेक्षित हो, तो इसे परिषद् की निधि में से स्वयं के पक्ष में चैक के माध्यम से आहरित किया जाएगा।

24. रोकड़ की अभिरक्षा.––(1) परिषद् की तिजोरी में समस्त नकदी, डब्बल लॉक सिस्टम के अन्तर्गत मजबूत लोहे की तिजोरी में रखी जाएगी। उस ताले की समस्त चाबियां, एक ही व्यक्ति की अभिरक्षा में नहीं रखी जाएंगी। ताले की एक चाबी रजिस्ट्रार अपने पास रखेगा और अन्य चाबी सम्बद्ध सहायक के पास रखी जाएगी। तिजोरी चाबियों के दोनो अभिरक्षकों की उपस्थिति में खोली जाएगी। चाबियों का दूसरा सैट खजाना में जमा किया जाएगा और उनका निरीक्षण, खजाना नियमों के अधीन यथा अपेक्षित, कालिकतः किया जाएगा।

(2) परिषद् एक बार में दस हजार रुपए की अधिकतम् सीमा तक की नकदी को परिषद् की नकदी तिजोरी में संचित करना अनुज्ञात कर सकेगी। किन्तु यह सीमा तथापि समय–समय पर प्रचलित परिस्थितियों के अनुसार, परिषद् के पूर्व अनुमोदन से बढ़ाने तथा कम करने के अध्यधीन होगी।

25. वित्तीय शक्तियां.––(1) रजिस्ट्रार, दस हजार रुपये मूल्य से अनधिक की किसी वस्तु को खरीदने के लिए प्राधिकृत होगा। उपरोक्त सीमा से अधिक का कोई व्यय अध्यक्ष की पूर्व मंजूरी के बिना उपगत नहीं किया जाएगा।

(2) अध्यक्ष उप–विनियम (1) में विनिर्दिष्ट सीमा से अधिक, किन्तु बीस हजार रुपए से अनधिक, का व्यय मंजूर कर सकेगा।

(3) किसी भी दशा में, बीस हजार रुपए से अधिक का व्यय परिषद् के पूर्व अनुमोदन के बिना उपगत नहीं किया जाएगा।

(4) परिषद् अपनी वित्तीय या किन्हीं अन्य शक्तियों को, परिषद् के कारबार को सुचारू रूप से चलाने के लिए, अध्यक्ष को प्रत्यायोजित कर सकेगी।

(5) धन के किसी दावे के रूप में प्रस्तुत किए गए किसी बिल या अन्य वाउचरों को, रजिस्ट्रार द्वारा उक्त उपबन्धों के अध्यधीन प्राप्त, परीक्षित और संदत्त किया जाएगा।

(6) परिषद्, सरकार द्वारा समय–समय पर जारी, भण्डार–वस्तुओं के क्रय की बाबत साधारण दिशा–निर्देशों का पालन करेगी।

(7) समस्त बिल, जब संदत्त किए जाएंगें, को निम्नलिखित स्टैंप के साथ स्थंपित किया जाएगा–

वाउचर संख्या .....
संदाय की तारीख .....
रोकड़ बही में प्रविष्टि .....
पृष्ठ संख्या. .....

हस्ताक्षर
रजिस्ट्रार

26. बजट तैयार करना.––परिषद्, आगामी वित्तीय वर्ष के लिए प्ररुप–घ में या परिषद् द्वारा अनुमोदित किन्हीं अन्य प्ररूपों में परिषद् की अनुमानित प्राप्तियों और व्ययों को, उक्त वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ से पूर्ववर्ती 31 जनवरी तक या इससे पूर्व, दर्शाते हुए आगामी वित्तीय वर्ष के लिए इसका वार्षिक बजट तैयार करेगी तथा परिषद् द्वारा तैयार किए गए और अनुमोदित बजट की पांच प्रतियाँ, इसके अनुमोदन की तारीख से पन्द्रह दिन के भीतर, राज्य सरकार को अग्रेषित करेगी।

27. परिषद् का अनुपूरक बजट.–– (1) अध्यक्ष, वर्ष, जिसके लिए बजट तैयार किया गया है, के दौरान किसी भी समय, परिषद् के समक्ष विशेष अधिवेशन में अनुपूरक बजट पेश कर सकेगा।

(2) अनुपूरक बजट उसी रीति और प्ररूप में तैयार किया जाएगा, जिसमें विनियम– 26 के अधीन वार्षिक वजट तैयार किया गया था।

(3) विनियम 26 के उपबन्ध अनुपूरक बजट को इसकी प्रतियाँ सरकार को प्रस्तुत करने की बाबत, लागू होंगे।

28. व्यय के लिए बजट शीर्ष.––विभिन्न व्ययों के लिए समस्त उपबन्ध अनुमोदित बजट के अन्तर्गत किए जाएंगे और बजट कोड निम्न प्रकार से होगा–

बजट कोड	**बजट शीर्ष**
01	वेतन।
02	मजदूरी।
03	यात्रा व्यय।
04	मदें, जैसे लेखन सामग्री, डाक व्यय, बिजली, पानी, फर्नीचर और अन्य फिक्सचर, कम्प्यूटर और कार्यालय प्रयोग से सम्बन्धित अन्य मदों के लिए कार्यालय व्यय।
05	वर्दी।
06	आतिथ्य तथा बैठकें।
07	किराया, दर और कर।
08	मोटरयान।
09	परिषद् भवन का सन्निर्माण।
10	परिषद् भवन की मरम्मत।
11	परिषद् के सदस्यों का मानदेय।
12	उधार (ऋण)।
13	विकास संकर्मो का निष्पादन।
14	विज्ञापन और प्रचार।
15	विविध।

29. सरकारी नियमों का लागू होना.––बजट और लेखों को बनाए रखने के लिए प्रक्रिया नियमों या प्ररूपों, जो विभिष्टतया इन विनियमनों में उपबन्धित नहीं हैं, के समस्त मामलों की बाबत राज्य सरकार के कार्यालयों में प्रवृत प्रक्रिया या नियम या प्ररूपों का परिषद् द्वारा अनुसरण किया जाएगा।

30. परिषद् के खातों को तैयार करना और उनका रख–रखाव.––(1) अधिनियम के उपबन्धों और सरकार द्वारा इस निमित जारी निदेशों के अध्यधीन, परिषद् खातों की समुचित बहियां और इससे सम्बन्धित अन्य सुसंगत अभिलेखों को निम्नलिखित के सबंधं में बनाएगी और कार्यालय में रखेगी।

(क) परिषद् द्वारा प्राप्त की गई और व्यय की गई समस्त रकम और धन तथा मामले (विषय), जिसकी बाबत प्राप्ति और व्यय किया गया है; और

(ख) परिषद् की परिसम्पत्तियां और दायित्व।

(2) परिषद्, प्रत्येक वर्ष, किन्हीं अन्य बैठकों के अतिरिक्त, वार्षिक बैठक के रूप में एक बैठक करेगी जो वित्तीय वर्ष की समाप्ति की तारीख से छह मास की अवधि के भीतर की जाएगी।

(3) उप विनियम (2) के अनुसरण में आयोजित परिषद् की प्रत्येक वार्षिक बैठक में, परिषद् का अध्यक्ष, परिषद् के समक्ष निम्नलिखित रखेगा;

(क) तुलन पत्र जो वित्तीय वर्ष के अन्त में होय और
(ख) वित्तीय वर्ष का लाभ और हानि लेखा।

(4) परिषद् का प्रत्येक तुलन पत्र, वित्तीय वर्ष के अन्त में परिषद् के कार्यकलापों की सही और उचित स्थिति देगा और वह ऐसे प्ररुपों में होगा जैसा परिषद् द्वारा अनुमोदित हो।

(5) उप–विनियम 3 (क) और (ख) के अधीन अधिकथित तुलन पत्र और लाभ और हानि लेखा, परिषद् की ओर से अध्यक्ष और रजिट्रार द्वारा हस्ताक्षरित किए जाएंगे।

(6) लाभ और हानि लेखे सहित तुलन पत्र परिषद् की ओर से उप–विनियम (5) के उपबन्धों के अनुसार इन्हें हस्ताक्षरित करने से पूर्व और इनकों लेखा परीक्षकों को उस पर उनकी रिपोर्ट के लिए प्रस्तुत करने से पूर्व परिषद् द्वारा अनुमोदित किया जाएगा।

31. संपरीक्षा रिपोर्ट.––(1) प्रत्येक वित्तीय वर्ष के समाप्त होने के पश्चात, अध्यक्ष के निदेश के अधीन रजिट्रार द्वारा वार्षिक लेखे तैयार किए जाएंगे। जहाँ तक संभव हो वे रजिस्ट्रीकृत चार्टड अकाउण्टेंट द्वारा संपरीक्षित किए जाएंगे।

(2) रजिस्ट्रीकृत चार्टड अकाउण्टेंट से संपरीक्षा रिपोर्ट और संपरीक्षा प्रमाण पत्र की प्राप्ति पर रजिस्ट्रार, अविलम्ब उसे निदेशक, पशु पालन विभाग, हिमाचल प्रदेश को उसके संप्रेक्षणों और रिपोर्ट के लिए अग्रेषित करेगा।

(3) निदेशक, पशु पालन विभाग, हिमाचल प्रदेश इसकी प्राप्ति के पंद्राह दिन के भीतर, अपनी रिपोर्ट सहित संपरीक्षा रिपोर्ट को परिषद् को राज्य सरकार के आगामी प्रेषण के लिए बापस भेजेगा।

(4) निदेशक, पशु पालन विभाग, हिमाचल प्रदेश की रिपोर्ट की प्राप्ति की तारीख से सात दिन के भीतर, रजिस्ट्रार संपरिक्षा रिपोर्ट और संपरिक्षा प्रमाण पत्र की प्रति सहित, उक्त रिपोर्ट की एक प्रति तथा तुलन पत्र सहित लाभ और हानि लेखे की प्रति अवलोकन और ऐसी कार्रवाही के लिए जैसी राज्य सरकार द्वारा उचित समझी जाए, सरकार को भेजेगा।

32. संपरीक्षा फीस.––परिषद् ऐसी संपरीक्षा फीस, जैसी समय–समय पर इसके द्वारा नियत की जाए, संदत्त करेगी।

33. प्रतिदाय.——परिषद् द्वारा फीस के रूप में प्राप्त की गई रकम का, किन्हीं भी परिस्थितियों के अधीन प्रतिदाय नहीं किया जाएगा। फीस के रूप में या अन्यथा प्राप्त की गई रकम, परिषद् के खाते में जमा रहेगी:

परन्तु रजिस्ट्रीकृत सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी द्वारा विहित फीस से अधिक संदत कोई रकम, परिषद् के उन्चित खाते में जमा की जाएगी और यदि उसका तीन वर्ष की अवधि के भीतर दावा किया जाता है, तो उसका प्रतिदाय किया जा सकेगा और यदि प्रतिदाय के लिए पूर्वोक्त अवधि के भीतर कोई दावा नहीं किया जाता है, तो रकम परिषद् के खाते में जमा कर दी जाएगी।

————————

प्ररूप–क
(विनियम 4 देखें)
स्थावर सम्पत्ति का रजिस्टर

1. क्रम संख्या: .....
2. ग्राम या नगर, जहाँ सम्पत्ति अवस्थित है का नाम .....
3. सम्पत्ति का विवरण, स्थिति और सीमाएं .....
4. खसरा संख्या..... (भूमि की दशा में)
5. क्षेत्रफल या आकार.....
6. मुल्यांकन .....
7. परिषद् को प्रबन्धन अन्तरित करने के सरकार के आदेश की संख्या और तारीख.....
8. धारित सम्पत्ति का विवरणः–

   (क) सीधे प्रवन्धन के अधीनः–

   (i) अर्जन की तारीख .....
   (ii) ऐसे अधिभोग को प्राधिकृत करने के आदेश की संख्या और तारीख .....

   (ख) दान में प्राप्तः–
   (i) दाता का नाम .....
   (ii) अनुमानित मूल्य .....

   (ग) क्रीत या सन्निर्मितः–
   (i) क्रय की तारीख या सन्निर्माण की मंजूरी .....
   (ii) सम्पत्ति का मूल्य .....
9. किराएदार का नाम या पट्टा, यदि कोई है, और पट्टे की अवधि .....
10. पट्टे के पर्यवसान की तारीख.....
11. किराया प्रतिवर्ष .....
12. विक्रय आदि मंजूर करने के सरकारी आदेशों की संख्या और तारीख सहित सम्पत्ति के अन्तिम निपटान की रीति, क्रेता का नाम, यदि कोई है, और रकम जिसमें विक्रीत की गई.....
13. क्या रजिस्ट्रीकरण किया गया है, यदि हां, तो रजिस्ट्रीकरण संख्या और तारीख आदि दें .....
14. रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर .....
15. टिप्पणीयाँ .....

अध्यक्ष
हिमाचल प्रदेश सह–पशु
चिकित्सीय परिषद्, शिमला ।

स्थान .....
तारीख .....

प्ररूप–ख

(विनियम 18 देखें)

बही संख्या .....
क्रम संख्या .....

रजिस्ट्रार, सह–पशु चिकित्सीय परिषद्,
शिमला का कार्यालय

तारीख

श्री / श्रीमती .....से
..... रूपये प्राप्त किए

हस्ताक्षर

बही संख्या .....
क्रम संख्या .....

रजिस्ट्राार, सह–पशु चिकित्सीय परिषद्,
शिमला का कार्यालय

तारीख

श्री / श्रीमती ..... से
..... रूपये प्राप्त किए।

हस्ताक्षर

————————

प्ररूप–ग

(विनियम 21 देखें)

हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्, शिमला
साधारण रोकड़ बही

आय

मास	तारीख	वर्गीकृत सार की फोलियो संख्या	परिषद् के मुख्य / लघु और विस्तृत शीर्ष और उप शीर्ष का खाता	प्राप्ति का विवरण और व्यक्ति (यों) के नाम जिनसे प्राप्ति हुई है	बैंक की रसीद की संख्या और तारीख	रकम	दैनिक जोड़	बैंक को परिहार, संख्या और बैंक की प्राप्ति की तारीख	रकम
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

व्यय

मास	तारीख	वर्गीकृत सार की फोलियो संख्या	परिषद् के मुख्य / लघु और विस्तृत शीर्ष और उप–शीर्ष का खाता	विशिष्टियों प्रभार और प्रतिदाता का नाम	वाउचर नम्बर	चैक की संख्या और तारीख	रकम	दैनिक जोड़
1	2	3	4	5	6	7	8	9

प्ररूप–घ

(विनियम 26 देखें)

बजट का प्राक्कलन

रजिस्ट्रार हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्, शिमला का कार्यालय

वर्ष .....

आय

बजट कोड	बजट शीर्ष	गत वर्ष का प्राक्कलित बजट	गत वर्ष के लिए पुनरीक्षित बजट	गत वर्ष की वास्तविक आय	वर्ष के लिए प्राक्कलित बजट	टिप्पणी
1	2	3	4	5	6	7

व्यय

बजट कोड	बजट शीर्ष	गत वर्ष का प्राक्कलित बजट	गत वर्ष के लिए पुनरीक्षित बजट	गत वर्ष की वास्तविक आय	वर्ष के लिए प्राक्कलित बजट	टिप्पणी
1	2	3	4	5	6	7

अध्यक्ष,
हिमाचल प्रदेश, सह–पशु,
चिकित्सीय परिषद्, शिमला ।

तारीख :
शिमला:

———————

हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद, शिमला–171005

विनियम अधिसूचना

अधिसूचना

शिमला, ... 2015

संख्याः..... हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्, हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् अधिनियम, 2010 (2010 का अधिनियम संख्यांक 21) की धारा 54 की उप धारा (1) के खण्ड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पत्र संख्याःएएचवाई–ए(3)–1 / 2009–पी–I तारीख 28 / 09 / 2011 द्वारा रूचित राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम वनाती है, अर्थातः–

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**––(1) इन विनयमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् (परिषद् के सदस्यों के निर्वाचन की रीति) विनियम, 2015 है।

(2) ये विनियम राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित किए जाने की तारीख से प्रवृत होंगे।

2. **परिभाषाएं.**––(1) इन विनियमों में जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो;

(क) "अधिनियम" से हिमाचल प्रदेश, सह–पशु चिकित्सीय परिषद्, अधिनियम, 2010 (2010 का अधिनियम संख्यांक 21) अभिप्रेत है;

(ख) "परिशिष्ट" से इन विनियमों से संलग्न परिशिष्ट अभिप्रेत है;
(ग) "प्ररूप" से इन विनियमों से संलग्न प्ररुप अभिप्रेत है;
(घ) "निर्वाचन" से परिषद् का निर्वाचन अभिप्रेत है;
(ङ) "सदस्य" से परिषद् के पदेन और गैर–सरकारी सदस्य अभिप्रेत है;
(च) "रिटर्निंग अधिकारी" से राज्य सरकार द्वारा परिषद् के गैर–सरकारी सदस्यों के निर्वाचन के प्रयोजनों के लिए नियुक्त अधिकारी अभिप्रेत है;
(छ) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत हैं;
(ज) "समिति" से परिषद् द्वारा नियुक्त समिति अभिप्रेत है;
(झ) "अध्यक्ष" से समिति का अध्यक्ष अभिप्रेत है; और
(ञ) "गणपूर्ति" से परिषद्/समिति के सदस्यों की वह न्यूनतम संख्या, जिसकी उपस्थिति किसी भी बैठक के कारबार के उचित या विधिमान्य संव्यवहार हेतु आवश्यक है अभिप्रेत है।

(2) उन शब्दों और पदों के जो इन विनियमों में प्रयुक्त किए गए हैं परन्तु परिभाषित नहीं हैं, वही अर्थ होंगे जो अधिनियम तथा तद्धीन बनाए गए नियमों में उनके हैं।

3. गैर–सरकारी सदस्यों का निर्वाचन.––गैर सरकारी सदस्यों हेतु निर्वाचन, तीन वर्ष की अवधि के पश्चात् या जब कभी वर्तमान सदस्य के त्याग पत्र अथवा मृत्यु द्वारा रिक्त कारित होती है, किया जाएगा और इस प्रयोजन हेतु;

(i) रजिस्ट्रार, सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायियों के समस्त निर्वाचक–मण्डलों के मतदाताओं का रजिस्टर बनाएगा और अधिनियम की धारा 38 की उप धारा (2) के अधीन परिषद् द्वारा रखवाएगा;

(ii) राज्य सरकार, अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (प) के खण्ड (पप) के अधीन परिषद् के गैर–सरकारी सदस्य का निर्वाचन करने के प्रयोजन के लिए, अपने राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना द्वारा मतदाताओं के रजिस्टर में नामांकित व्यक्तियों का, अधिनियम के उपबन्ध के अनुसार उक्त सदस्यों का निर्वाचन करने का आह्वान करेगी;

(iii) रजिस्ट्रार, अधिसूचना जारी किए जाने के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र, अधिनियम की धारा (4) की उपधारा (1) के खण्ड (ii) में अंतर्विष्ट उपबन्धों के अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार करेगा, जिसमें क्रम संख्या और प्रत्येक व्यक्ति, जिसका नाम रजिस्टर में प्रविष्टिकृत है, का नाम अंतर्विष्ट होगा;

(iv) रजिस्ट्रार, दावे या आक्षेप आमंत्रित करने हेतु निर्वाचक नामावली को परिषद् के कार्यालय में इसे प्रदर्शित करते हुए, इसकी एक प्रति निरीक्षणार्थ उपलब्ध करवाते हुए प्रकाशित करेगा;

(v) इस विनियम के खण्ड (iv) के अधीन प्रत्येक दावा निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज करने और प्रत्येक आक्षेप उसमें प्रविष्टि हेतु क्रमशः प्ररूप 'क' और 'ख' में निर्वाचक नामावलियों के प्रकाशन की तारीख से तीस दिन की अवधी के भीतर दाखिल किया जाएगा। प्ररुप 'क' में प्रत्येक दावा ऐसे व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा जो अपना नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज करवाने की अपेक्षा करता है, जबकि प्ररूप 'ख' में प्रत्येक आक्षेप, निर्वाचक नामावली में किसी नाम को दर्ज करवाने हेतु अन्य व्यक्ति जिसका नाम भी निर्वाचक नामावली में दर्ज है, द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जाएगा। यथास्थिति, ऐसे दावों और आक्षेपों की परीक्षा रजिस्ट्रार द्वारा की जाएगी, जो उस पर अपनी टिप्पणियां अभिलिखित करेगा, जिसके अनुसरण में वह दावों या आक्षेपों को अनुज्ञात या अस्वीकृत कर सकेगा, परंतु दावे या आक्षेप तब तक अस्वीकृत नहीं किए जाएंगे, जब तक ऐसा करने वाले व्यक्ति को ऐसी अस्वीकृति के बिरुद्ध अभ्यावेदन करने का अवसर नहीं दिया जाता है।

4. निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन.––(1) रजिस्ट्रार, विनियम 3 के खण्ड (अ) के अधीन दावों या आक्षेपों, यदि कोई हों, का निपटारा करने के पश्चात, निर्वाचक नामावली में पश्चात्वर्ती प्रकट किए गए या उसके ध्यान में लाए गए उसके विनिश्चय, कोई लिपिकीय या मुद्रण त्रुटि और अन्य अशुद्धियों का कार्यान्वयन करने के लिए संशोधन की सूची तैयार करेगा।

(2) रजिस्ट्रार, संशोधनों की सूची सहित, निर्वाचक नामावली, परिषद् के कार्यालय में इसको प्रदर्शित करते हुए निरीक्षणार्थ उपलब्ध कराने के लिए इसकी एक पूर्ण प्रति प्रकाशित करेगा।

(3) ऐसे प्रकाशन पर, संशोधनों की सूची सहित निर्वाचक नामावली, ऐसे व्यक्तियों की निर्वाचक नामावली होगी, जो अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (1) के खण्ड (पप) में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार परिषद् के गैर–सरकारी सदस्यों का निर्वाचन करेगी।

(4) रजिस्ट्रार द्वारा उप–विनियम 2 के अधीन प्रकाशित संशोधनों की सूची सहित निर्वाचक नामावली की एक प्रति राज्य सरकार को भेजी जाएगी।

5. रिटर्निंग अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारी की नियुक्ति.––(1) राज्य सरकार, विनियम 4 के उप–विनियम (4) के अधीन प्रकाशित निर्वाचक नामावली की एक प्रति प्राप्त करने के पश्चात, रिटर्निंग अधिकारी, जो राज्य सरकार का अधिकारी होगा, की नियुक्ति करेगी।

(2) राज्य सरकार, रिटर्निंग अधिकारी को उसके कृत्यों का पालन करने में सहयोग देने हेतु एक या अधिक व्यक्तियों को, जो राज्य सरकार के अधिकारी होगें, सहायक रिटर्निंग अधिकारी के रूप में नियुक्त कर सकेगी।

(3) प्रत्येक सहायक रिटर्निंग अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी के नियन्त्रण के अध्यधीन, रिटर्निंग अधिकारी के समस्त या किसी भी कृत्य का पालन करने में सक्षम होगा, परंतु कोई भी सहायक रिटर्निंग अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी के, मतपत्र जारी करने, मतपत्रों की गणना करने और निर्वाचन के परिणाम की घोषणा करने के मामलों से सम्बन्धित, किन्ही भी कृत्यों का पालन नहीं करेगा।

6. निर्वाचन का नोटिस.––(1) जब कभी परिषद् के लिए निर्वाचन किया जाना है या कोई रिक्ति भरी जानी है, तो रिटर्निंग अधिकारी अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (1) के खण्ड (ii) में अंतर्विष्ट उपबन्धों के अनुसार समस्त निर्वाचकों को प्ररूप 'ग' के अनुसार नोटिस जारी करेगा और निदेश सहित निम्नलिखित सूचित करेगाः –

(क) निर्वाचन की तारीख;
(ख) भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या;
(ग) तारीख और समय, जब तक अभ्यर्थी को नामनिर्दिष्ट किया जाना चाहिए;
(घ) नामनिर्देशन पत्रों की संवीक्षा की तारीख और समय;
(ङ) तारीख और समय जब तक अभ्यर्थी अपनी अभ्यर्थिता वापस ले सकता है; और
(च) निर्वाचक की बाबत कोई अन्य सुसंगत सूचना पूछ सकता है।

(2) नोटिस की एक प्रति रजिस्ट्रार के कार्यालय में नोटिस बोर्ड पर चिपकाई जाएगी और अंग्रेजी तथा हिन्दी के अग्रणी समाचार–पत्रों में प्रकाशित की जाएगी।

7. मतदाताओं की अर्हता.––(1) कोई व्यक्ति, जब तक उसका नाम विनियम 3 के खण्ड (i) के अधीन रखे गए रजिस्टर में प्रविष्टिकृत नहीं है, तब तक मतदान करने या निर्वाचित होने के लिए अर्हित नहीं होगा।

(2) किसी मतदाता का नाम निर्वाचक नामावली से इस कारण नहीं हटाया जाएगा कि निर्वाचक, अन्तिम रजिस्टर के प्रकाशन के पश्चात् उस हैसियत को नहीं रखता, जिसमें उसे इस प्रकार रजिस्ट्रीकृत किया गया था, परन्तु निर्वाचन हेतु किसी अभ्यर्थी को निरंतर अपेक्षित अर्हता/हैसियत रखनी होगी, जिसके कारण वह निर्वाचन की अपेक्षा करता है।

8. रिटर्निंग अधिकारी का विनिश्चय.–– कोई व्यक्ति किसी निर्वाचन में मतदान करने का या निर्वाचन लड़ने का हकदार है या नहीं, यदि ऐसा कोई प्रश्न रिटर्निंग अधिकारी को निर्दिष्ट किया जाएगा, जिसका विनिश्चय अन्तिम होगा।

9. अभ्यर्थियों का नाम निर्देशन.–– निर्वाचन के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी को प्ररुप–घ में नाम निर्देशन पत्र, जिसे रिटर्निंग अधिकारी द्वारा किसी निर्वाचक के आवेदन करने पर पचास रुपए के संदाय पर प्रदान किया जाएगा, द्वारा नाम निर्देशित किया जाएगा।

10. नामनिर्देशन पत्र.—— (1) प्रत्येक नामांकन पत्र, दो निर्वाचकों द्वारा प्रस्तावक और समर्थक के रूप में हस्ताक्षरित किया जाएगा और इस प्रकार डाक द्वारा या अन्यथा भेजा जाएगा ताकि रिटर्निंग अधिकारी के पास उसके द्वारा नियत तारीख को या उससे पूर्व, जो निर्वाचन हेतु नियत तारीख से चार सप्ताह से अन्मून नहीं होगी, पहुँच जाए;

परंतु कोई निर्वाचक जितने स्थान भरे जाने हैं उनसे अधिक नाम निर्देशन पत्र हस्ताक्षरित नहीं करेगा:

परंतु यह और कि यदि कोई निर्वाचक भरे जाने वाले स्थानों की संख्या से अधिक नाम निर्देशन पत्र हस्ताक्षरित करता है, तो भरे जाने वाले स्थानों हेतु रिटर्निंग अधिकारी द्वारा पहले प्राप्त नामनिर्देशन–पत्र, यदि वे अन्यथा नियमानुसार हैं, विधिमान्य माने जाएंगे और यदि उसी निर्वाचक द्वारा हस्ताक्षरित भरे जाने वाले स्थानों की संख्या से अधिक समस्त ऐसे नाम निर्देशन–पत्र एक ही समय प्राप्त किए जाते हैं, तो समस्त ऐसे नाम निर्देशन पत्र अविधिमान्य माने जाएंगे।

(2) रिटर्निंग अधिकारी ऐसे नामनिर्देशन–पत्रों की प्राप्ति पर तुरंत उन पर प्राप्ति की तारीख और समय पृष्ठांकित करेगा।

(3) प्रत्येक अभ्यर्थी, नामनिर्देशन–पत्रों के साथ रिटर्निंग अधिकारी के पास रजिस्ट्रार के नाम से बैंक ड्राफ्ट या मनीऑडर के रूप में पांच सौ रूपये प्रतिभूति के रूप में निक्षेप करेगा। यदि निक्षेप की राशि मनीऑडर द्वारा भेजी जाती है, तो मनीऑर्डर की रसीद नामनिर्देशन–पत्रों के साथ संलग्न की जाएगी। नामनिर्देशन–पत्र जिसके साथ ऐसा निक्षेप या रसीद संलग्न न हो, रिटर्निंग अधिकारी द्वारा स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

11. प्रतिभूति का समपहरण और प्रतिदाय.—— यदि किसी अभ्यर्थी को कुल मिलाकर कुल मतों के एक बटा छह से अधिक मत प्राप्त नहीं होते हैं या अभ्यर्थी को डाले गए विधिमान्य मतों के ठीक एक बटा छह मत प्राप्त हुए हैं, तो प्रतिभूति राशि समपहृत हो जाएगी। यदि अभ्यर्थी ने रिटर्निंग अधिकारी को इस प्रयोजन हेतु विहित तारीख और समय तक तथ्य संसूचित करके अपना नाम निर्देशन पत्र वापस ले लिया है या, यदि अभ्यर्थी निर्वाचित हुआ हो, परंतु उसे विधिमान्य मतों के एक बटा छह मत मिले हों या, यदि निर्वाचन लड़ने वाले किसी अभ्यर्थी की मतदान प्रारम्भ होने से पूर्व मृत्यु हो जाती है, तो प्रतिभूति निक्षेप वापस किया जाएगा।

12. नामनिर्देशन हेतु सहमति.——(1) प्रस्तावित अभ्यर्थी अपना नामनिर्देशन पत्र निर्वाचन के लिए खड़े होने के प्रतीक के रूप में हस्ताक्षरित करेगा।

(2) निर्वाचक उतने ही व्यक्तियों को नामनिर्देशित करने का हकदार होगा, जितनी रिक्तियां हैं।

13. नामनिर्देशन पत्रों की अस्वीकृति.——(1) नामनिर्देशन–पत्र, जो इस निमित्त नियत तारीख और समय से पूर्व प्राप्त नहीं होता है, अस्वीकृत किया जाएगा।

(2) विनियम 10 के उप विनियम (3) के अधीन अपेक्षित प्रतिभूति राशि के बिना भी कोई नामनिर्देशन–पत्र अस्वीकृत किया जाएगा।

14. नामनिर्देशन पत्र की संवीक्षा.——(1) रिटर्निंग अधिकारी द्वारा समस्त नामनिर्देशन पत्रों की संवीक्षा, उस प्रयोजन हेतु विनिर्दिष्ट तारीख को की जाएगी।

(2) नामनिर्देशन–पत्र अविधिमान्य घोषित किया जाएगा;

(क) यदि प्रस्तावक या समर्थक द्वारा रिक्तियों की संख्या से अधिक अभ्यर्थियों के नामनिर्देशन पत्र हस्ताक्षरित किए हैं;

(ख) यदि नामनिर्देशन–पत्र अभ्यर्थी द्वारा या प्रस्तावक द्वारा या समर्थक द्वारा हस्ताक्षरित नहीं है;

(ग) यदि नामनिर्देशन–पत्र रिटर्निंग अधिकारी को नाम से संबोधित नहीं है उस प्रयोजन हेतु अधिसूचित तारीख और समय तक उसके पास रजिस्ट्रीकृत लिफाफे में नहीं पहुँचता है या उसको व्यक्तिगत रूप से परिदत्त नहीं किया जाता है; और

(घ) यदि अभ्यर्थी अपेक्षित अर्हता या हैसियत, जिसके कारण वह निर्वाचन लड़ना चाहता है, धारण करने से प्रविरत हो जाता है।

(3) अभ्यर्थी या अभ्यर्थी द्वारा लिखित रुप में नियुक्त उसका प्रतिनिधि, नामनिर्देशन–पत्रों की संवीक्षा के समय उपस्थित रह सकेगा। उन अभ्यर्थियों की सूची, जिनके नामनिर्देशन–पत्र विधिमान्य घोषित किए गए हैं, उसी दिन रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में नोटिस बोर्ड पर उसे चिपका कर वर्णक्रमानुसार प्रकाशित की जाएगी तथा सूची की एक–एक प्रति निर्वाचन हेतु नामनिर्देशित प्रत्येक अभ्यर्थी को अग्रेषित की जाएगी। निर्वाचन लड़ने बाले अभ्यर्थीयों की सूची का ऐसी रीति में, जैसी रिटर्निंग अधिकारी उचित समझे, व्यापक प्रचार किया जाएगा।

15. नाम वापस लेना.––कोई अभ्यर्थी उसके द्वारा सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित और किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित नाम वापिस लेने का पत्र, रिटर्निंग अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से या रजिस्टीकृत डाक द्वारा इस प्रकार भेजते हुए, ताकि वह उसके पास उस प्रयोजन हेतु नियत तारीख और समय तक पहुँच जाए, प्रस्तुत करते हुए निर्वाचन को लड़ने से अपना नाम वापस ले सकेगा। एक बार वापस लिया गया नाम अंतिम होगा।

16. निर्वाचन प्रक्रिया.–– (1) यदि निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों की संख्या रिक्तियों की संख्या के समान है, तो ऐसे समस्त अभ्यर्थी निर्वाचित घोषित किए जाएंगें। यदि ऐसे अभ्यर्थियों की संख्या रिक्तियों की संख्या से कम है, तो ऐसे समस्त अभ्यर्थी निर्वाचित घोषित किए जाएगें और रिटर्निंग अधिकारी शेष रिक्तियों को भरने हेतु नया नोटिस जारी करेगा। यदि ऐसे अभ्यर्थियों की संख्या भरी जाने वाली रिक्तियों से अधिक है, तो रिटर्निंग अधिकारी विहित प्रक्रिया के माध्यम से निर्वाचन की व्यवस्था करेगा। निर्वाचन का स्थान, तारीख और समय अधिसूचित किए जाएंगे।

(2) मत प्ररूप–ङ के अनुसार मतपत्र पर अभिलिखित किए जाएंगे।

(3) प्रत्येंक मतदाता को उतने ही मत होंगें, जितनी रिक्तियों के स्थान भरे जाने हैं, और मतदाता अपना मतदान करते हुए अपने मतपत्र पर उस अभ्यर्थी के सामने वाले स्थान पर जिसके पक्ष में वह मतदान करना चाहता है "ग" चिन्ह अंकित करेगा।

(4) रिटर्निंग अधिकारी, निर्वाचन की दशा में समस्त मतदाताओं को निर्वाचन के लिए नियत तारीख से तीस दिन पूर्व प्ररुप–च, जिसमें समस्त अभ्यर्थियों के नाम वर्णक्रमानुसार मुद्रित होंगे और रिटर्निंग अधिकारी के आद्याक्षरों वाली किसी घोषणा सहित नोटिस भेजेगा। रिटर्निंग अधिकारी, पूर्वोक्त सामग्री सहित समस्त मतदाताओं को प्ररूप–छ में निर्वाचन हेतु अनुदेश और उसे (रिटर्निंग अधिकारी) संवोधित कोई मतदान पत्र लिफाफा तथा बाह्य लिफाफा भी उसको संवोधित करते हुए भेजेगा। निर्वाचक को प्रेषित प्रत्येक ऐसे पत्र की बाबत प्रविष्टिकरण प्रमाण पत्र भी अभिप्राप्त किया जाएगा।

(5) निर्वाचक, जिसे उसको डाक द्वारा भेजे गए मतदान और अन्य सम्बद्ध पत्र प्राप्त नहीं हुए हैं या जिसने उनको खो दिया है या जिसके मामले में, पत्र रिटर्निंग अधिकारी को लौटाने से पूर्व अनवधानतापूर्वक खराब हो गए हैं, उस प्रभाव की स्वहस्ताक्षरित घोषणा प्रेषित कर सकेगा और रिटर्निंग अधिकारी से नए पत्र भेजने की अपेक्षा कर सकेगा तथा यदि पत्र खराब हो गए हैं, तो खराब पत्र रिटर्निंग अधिकारी को लौटाए जाएंगे, जो प्राप्ति पर उनको रद्द कर देगा। ऐसे प्रत्येक मामले में, जहाँ नए पत्र जारी किए जाते हैं, निर्वाचन नामावली में यह द्योतन करने के लिए कि नए पत्र जारी किए गए हैं, निर्वाचक के नाम से सम्बन्धित संख्या के सामने कोई चिह्न अंकित किया जाएगा।

(6) यदि किसी निर्वाचक को इन विनियमों के अनुसार मतदान पत्र जारी किया गया है, तो उसके द्वारा मतदान पत्र प्राप्त नहीं होने के कारण कोई निर्वाचन अविधिमान्य नहीं किया जाएगा।

17. मतों का रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजा जाना.––अपने मत को अभिलिखित करने का इच्छुक प्रत्येक निर्वाचक, सूचना पत्र में दिए गए निदेशों के अनुसार घोषणा–पत्र और मतदान–पत्र भरने के पश्चात, लिफाफे और घोषणा पत्र बाह्य लिफाफे में संलग्न करके रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा निर्वाचक की अपनी लागत पर रिटर्निंग अधिकारी को इस प्रकार भेजेगा ताकि वह उसके पास मतदान हेतु नियत तारीख को शाम पाँच बजे के अपश्चात् नहीं पहुँचे। उस दिन और समय के पश्चात् प्राप्त या अरजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा प्राप्त समस्त लिफाफे, अस्वीकृत किए जाएंगे।

18. रिटर्निंग अधिकारी द्वारा रजिस्ट्रीकृत लिफाफों पर पृष्ठांकन.–– रिटर्निंग अधिकारी, रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा प्राप्त लिफाफों में अंतर्विष्ट घोषणा–पत्र और बन्द लिफाफे में अंतर्विष्ट मतदान पत्र की प्राप्ति पर, बाह्य लिफाफे पर प्राप्ति की तारीख और समय पृष्ठांकित करेगा।

19. जब रजिस्ट्रीकृत लिफाफे खोले जाते हैं तो अभ्यर्थी उपस्थित रह सकगे.–– रिटर्निंग अधिकारी, मतदान हेतु नियत दिन को, उस स्थान पर, वहाँ के लिए उसको लिफाफे संबोधित किए गए हैं, ठीक पाँच बजे सांय के पश्चात् बाह्य लिफाफों को खोलेगा। कोई अभ्यर्थी बाह्य लिफाफों को खोलने के समय पर स्वयं उपस्थित रह सकेगा या उसके द्वारा लिखित रूप में सम्यक रूप से प्राधिकृत किसी प्रतिनिधि को उपस्थित रहने हेतु भेज सकेगा।

20. मतपत्रों की अस्वीकृति.–– (1) रिटर्निंग अधिकारी द्वारा मतपत्र लिफाफा अस्वीकृत किया जाएगा यदि;

(क) मतपत्र लिफाफे के बाहर, बाह्य लिफाफे में कोई घोषणा पत्र अंतर्विष्ट नहीं है, या
(ख) घोषणा पत्र वह नहीं है, जिसको रिटर्निंग अधिकारी द्वारा भेजा गया है, या
(ग) घोषणा–पत्र निर्वाचक द्वारा हस्ताक्षरित नहीं है, या
(घ) मतपत्र, मतपत्र लिफाफे के बाहर रखा है, या
(ङ) एक और उसी बाह्य लिफाफे में, एक घोषणा–पत्र या मतपत्र से अधिक संलग्न किए गए हैं।

(2) अस्वीकृति की प्रत्येक दशा में, मतपत्र लिफाफे और घोषणा पत्र पर शब्द "अस्वीकृत" पृष्ठांकित किया जाएगा। अस्वीकृति के कारण, मतपत्र लिफाफे पर, संक्षेप में, अभिलिखित किएं जाएंगे।

(3) रिटर्निंग अधिकारी, अपना यह समाधान करने के पश्चात् कि निर्वाचकों ने घोषणा–पत्रों पर अपने हस्ताक्षर कर दिए हैं, विनियम 16 के उप–विनियम 4 के अधीन समस्त घोषणा–पत्र निपटारे तक सुरक्षित अभिरक्षा में रखेगा।

21. मतों की संवीक्षा और गिनती.––(1) मतों की गणना हेतु नियत तारीख को, विनियम 20 के अधीन अस्वीकृत लिफाफों से भिन्न, मतपत्र लिफाफे खोले जाएगें और उनकी संवीक्षा की जाएगी तथा विधिमान्य मतों की गणना की जाएगी।

(2) कोई अभ्यर्थी, गणना की प्रक्रिया पर निगरानी रखने हेतु स्वंय उपस्थित रह सकेगा या उसके द्वारा लिखित रूप में सम्यक् रूप से प्राधिकृत कोई प्रतिनिधि भेज सकेगा।

(3) मत पत्र अविधिमान्य होगा, यदि;

(क) इसमें रिटर्निंग अधिकारी के आद्याक्षर या प्रतिरूप हस्ताक्षर नहीं हैं; या
(ख) मतदाता मतपत्र पर अपने नाम के हस्ताक्षर करता है, या इस पर कोई शब्द लिखता है, या इस पर कोई चिह्न अंकित करता है, जिसके यह उसके मतपत्र के रूप में पहचानने योग्य बन जाता है; या
(ग) उस पर मत अभिलिखित नहीं किया जाता है; या
(घ) यह अभिलिखित मत की अनिश्चितता के लिए शून्य है; या
(ङ) उस पर अभिलिखित मतो की संख्या निर्वाचित की जाने वाली संख्या से अधिक है; या

(च) मत का अभिलेखन इस प्रयोजन के लिए उपबंधित से अन्यथा किसी स्थान पर किया गया है।

(4) रिटर्निंग अधिकारी, यदि ऐसा अनुरोध किया गया हो, तो मतों की संवीक्षा या गणना के समय, मतपत्र अभ्यर्थियों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों को दिखाएगा।

(5) यदि कोई अभ्यर्थी या उसका प्रतिनिधि मतपत्र की स्वीकृति के लिए इस आधार पर कि यह विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं का पालन नहीं करता है या रिटर्निंग अधिकारी द्वारा मतपत्र की अस्वीकृति हेतु आक्षेप करता है तो यह रिटर्निंग अधिकारी द्वारा तत्काल, विनिश्चित किया जाएगा, जिसका विनिश्चय उस पर अंकित होगा।

(6) रिटर्निंग अधिकारी, संवीक्षकों की उतनी संख्या, जिनती वह ऐसे निर्देशों, जो राज्य सरकार द्वारा इस निमित जारी किए जाएं, के अनुसार उचित समझे नामनिर्दिष्ट करेगा।

22. परिणामों की घोषणा.––(1) जब मतों की गणना पूर्ण हो गई हो, तो रिटर्निंग अधिकारी प्ररुप–ज में परिणाम पत्र तैयार करेगा और अभ्यर्थियों की सूची प्रत्येक को प्राप्त अधिकतर मतों के क्रमानुसार, तैयार करेगा तथा उस क्रम में भरे जाने वाले स्थानों की संख्या के अनुसार सफल अभ्यर्थियों का परिणाम घोषित करेगा।

(2) इस प्रकार घोषित यदि कोई अभ्यर्थी, निर्वाचन को स्वीकार करने से इंकार करता है, तो उस अभ्यर्थी के स्थान पर शेष अभ्यर्थियों में से एक, जिसको मतों की अगली अधिकतम संख्या प्राप्त हुई है, निर्वाचित समझा जाएगा, तथा जब–जब कोई रिक्ति इस प्रकार कारित होती है, तो यही प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

(3) जब दो या अधिक अभ्यर्थियों के मध्य मतों की समानता हो, तो रिटर्निंग अधिकारी या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा, ऐसी रीति में, जैसी वह अवधारित करे, लॉटरी द्वारा अवधारित किया जाएगा कि कौन व्यक्ति, यथास्थिति, निर्वाचित किया गया समझा जाए।

(4) रिटर्निंग अधिकारी, जैसे ही परिणाम घोषित किया जाता है, प्रत्येक सफल अभ्यर्थी को, उसके परिषद् के लिए निर्वाचित किए जाने की सूचना देगा।

23. मतदान पत्रों का छह मास तक रखे रहना.–– रिटर्निंग अधिकारी, गणना पूर्ण होने पर और परिणाम घोषित किए जाने के पश्चात् मतपत्रो और निर्वाचन से सम्बन्धित अन्य समस्त दस्तावेजों को सील बन्द करेगा और उनको छह मास की अवधि के लिए रखे रहेगा, तथा राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना, उक्त छह मास के अवसान के पश्चात् भी इन अभिलेखों को नष्ट नहीं करेगा या नष्ट नहीं करवाएगा।

24. निर्वाचन के परिणामों की सूचना.–– (1) रिटर्निंग अधिकारी, निर्वाचित अभ्यर्थियों के नाम राज्य सरकार को सूचित करेगा। तब राज्य सरकार परिणाम को राजपत्र में प्रकाशित करेगी।

(2) निर्वाचन की बाबत किसी विवाद की दशा में, जिसे रिटर्निंग अधिकारी के पास उस निर्वाचन के परिणामों की घोषणा के पंद्रह दिन के भीतर दर्ज कराया जा सकेगा, इसे परिषद् को उसके अन्तिम विनिश्चय हेतु निर्दिष्ट किया जाएगा।

25. निर्वाचन याचिकाएं.––(1) विनियम 24 के उप–विनियम (2) के अधीन यथा वर्णित रिटर्निंग अधिकारी के ध्यान में लाए गए मामलों की बाबत, कोई याचिका, और निर्वाचन से सम्बन्धित निम्नलिखित बिन्दुओं में से किसी पर कोई याचिका, परिणाम की घोषणा से पंद्रह दिन के भीतर पाँच सौ रूपये की फीस सहितः–

(क) रिटर्निंग अधिकारी द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में विफलता का अभिकथनय

(ख) रिटर्निंग अधिकारी द्वारा मतमत्र की गोपनीयता अतिलंघित किए जाने की बाबत अभिकथनय और

(ग) निर्वाचन हेतु किसी पार्टी द्वारा स्वयं अथवा इसके अभिकर्ताओं द्वारा सम्बन्धित पार्टी की जानकारी सहित या बिना, किसी भ्रष्ट आचरण में संलिप्त होने की बाबत अभिकथन, रजिस्ट्रार के पास पहुँचेगी।

(2) विनियम 25 के उप–विनियम (1) के अधीन प्राप्त याचिका, परिषद् के तीन सदस्यों से गठित, जिनमें से एक सदस्य परिषद् द्वारा नियुक्त अध्यक्ष होगा, किसी समिति, द्वारा चुनी चाएगी। समिति किसी व्यक्ति को जिसके साक्ष्य इसे तात्विक प्रतीत होते हैं, स्वंप्रेरणा से बुलाकर परीक्षा कर सकती है। कार्यवाही के समापन पर समिति निम्नलिखित आदेश करेगीः–

(क) निर्वाचन खारिज करना; या

(ख) समस्त या निर्वाचित अभ्यर्थियों में से किन्हींधकिसी का निर्वाचन शून्य घोषित करना।

(3) समिति के सदस्यों के मध्य यदि मत भेद हों, तो बहुमत अभिभावी होगा। दो सदस्यों से गणपूर्ती होगी। यदि केवल दो सदस्य उपस्थित हैं, और उनके मध्य मतभेद हों तो अध्यक्ष का विनिश्चय अभिभावी होगा, या उसकी अनुपस्थिति में मामला अध्यक्ष को निर्दिष्ट किया जाएगा तथा उसका विनिश्चय अभिभावी होगा। यथास्थिति, समिति या अध्यक्ष का विनिश्चय अन्तिम और बाध्यकार होगा।

(4) कोई निर्वाचन, किसी नोटिस के प्राप्त न होने कारण या क्योंकि कोई मतदाता मतपत्र प्राप्त करने में विफल रहा है, या उसे यह समय पर प्राप्त नहीं हुआ, ताकि वह इसे इस प्रयोजन हेतु विहित समय तक रिटर्निंग अधिकारी को लौटा सके, या उसका नाम किसी भी कारण से मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं किया गया है, अविधिमान्य नहीं होगा।

————————

प्ररूप क
(विनियम 3(अ) देखें)
निर्वाचन नामावली में नाम सम्मिलित करने हेतु दावा

सेवा में,

रजिस्ट्रार,
हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्,
शिमला ।

महोदय,

मैं, एतद्द्वारा, हिमाचल प्रदेश सह–पशु, चिकित्सीय परिषद्, अधिनियम 2010 (2010 का 21) के अधीन बनाए गए हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् (गैर–सरकारी सदस्यों का निर्वाचन) विनियम 2015 के विनियम 3 के खण्ड (अ) के अधीन अपना दावा पूर्वोक्त अधिनियम की धारा 54 की उपधारा (1) खण्ड (ख) के अधीन हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् के आगामी निर्वाचन हेतु निर्वाचन नामावली में अपना नाम सम्मिलित करने के लिए दाखिल करता हूँ।

ससंगत व्यौरे निम्नलिखित हैं : –

नाम .....
पता .....
शैक्षणिक अर्हताएं .....
पदनाम और कार्यालय का पता, यदि कोई हो .....
दावा हेतु आधार (सबूत सहित, यदि कोई हो) .....

मैं घोषणा करता हूँ कि मैं भारत का नागरिक हूँ, ... राज्य का निवासी हूँ और ..... का व्यवसाय करता हूँ .....राज्य में कर्मचारी हूँ।

स्थान.....
तारीख.....

दावेदार के हस्ताक्षर।

———————

प्ररूप–ख

प्रारूप निर्वाचन नामावली में किसी प्रविष्टि पर आक्षेप

सेवा में,

रजिस्ट्रार,
हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्,
शिमला।

महोदय,

मैं, एतद्द्वारा, हिमाचल प्रदेश सह–पशु, चिकित्सीय परिषद्, अधिनियम, 2010 (2010 का 21) के अधीन बनाए गए हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् (गैर–सरकारी सदस्यों का निर्वाचन) विनियम, 2015 के विनियम 3 के खण्ड (अ) के अधीन, पूर्वोक्त अधिनियम की धारा 54 की उपधारा (1) खण्ड (ख) के अधीन, हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् के आगामी निर्वाचन के सबंधं में आपके द्वारा तैयार की गई निर्वाचन नामावली में निम्नलिखित प्रविष्टि के प्रति आपना आक्षेप दाखिल करता हूँ:–

(क) उन व्यक्तियों के नाम, जिनके नाम का निर्वाचन नामावली मे प्रविष्टि के प्रति आक्षेप किया गया है .....

(ख) आक्षेपित प्रविष्टि की विशिष्टियां .....
(ग) प्रविष्टि के प्रति आक्षेपों के आधार.....

(आक्षेपेपकर्ता के हस्ताक्षर)
स्थान .....
तारीख .....

आक्षेपकर्ता की क्रम संख्या और नाम, निर्वाचक नामावली में यथा प्रविष्टकृत ..... आक्षेपकर्ता का पता ..... प्रतिहस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का पता .....

———————

प्ररूप–ग
(विनियम 6(1) देखें)
हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्

निर्वाचन कार्यक्रम का नोटिस

एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है कि:–

(क) हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् (गैर–सरकारी सदस्यों का निर्वाचन) विनियम 2015, के विनियम 3(1) के अधीन रजिस्ट्रार द्वारा रखे गए रजिस्टर में प्रविष्ट किए गए रजिस्ट्रीकृत सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायियों में से पाँच सदस्यों का निर्वाचन करने के लिए कोई निर्वाचन ... . तारीख को किया जाना है।

(ख) नामनिर्देशन–पत्र, किसी अभ्यर्थी या उसके प्रस्तावक द्वारा रिटर्निंग अधिकारी को स्वंय या डाक द्वारा ..... तारीख को या उससे पूर्व परिदत्त किया जा सकेगा;

(ग) नामनिर्देशन–पत्र का प्ररुप, रिटर्निंग अधिकारी से किसी कार्य दिवस को उसके कार्यालय से पचास रूपये केवल के संदाय पर अभिप्राप्त किया जा सकेगा;

(घ) नामनिर्देशन–पत्र, संवीक्षा के लिए ..... तारीख को लिया जाएगा;

(ङ) किसी अभ्यर्थी या अभ्यर्थी द्वारा लिखित रूप में उस प्रयोजन के लिए सम्यक् रूप से प्राधिकृत, उसके प्रस्तावक द्वारा, अभ्यर्थिता वापस लेने का नोटिस रिटर्निंग अधिकारी को ..... तारीख को ..... बजे तक परिदत्त किया जा सकेगा;

(च) मतों की गणना ..... दिन..... बजे ..... पर रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में की जाएगी और केवल पूर्वोक्त तारीख और समय तक प्राप्त अंकित मतपत्रों की ही गणना की जाएगी; और

(छ) मतों की गणना के ठीक पश्चात् परिणाम घोषित किया जाएगा।

.....
नाम
रिटर्निंग अधिकारी

स्थान .....
तारीख .....

———————

प्ररूप–घ
(विनियम 9 देखें)
नामनिर्देशन पत्र

सह–पशु चिकित्सीय परिषद् हिमाचल प्रदेश हेतु निर्वाचन

मैं ..... श्री ..... को परिषद् के सदस्य के रूप में नामनिर्दिष्ट करता हूँ :–

अभ्यर्थी के पिता या पति का नाम ..... हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् (गैर–सरकारी सदस्यों का निर्वाचन) विनियम, 2015 के विनियम 3 (1) के अधीन रजिस्ट्रार द्वारा रखे गए रजिस्टर में क्रम संख्या ..... पर प्रविष्टिकृत है।

उसका नाम निर्वाचन नामावली की क्रम संख्या ..... पर प्रविष्टिकृत है।

मेरा नाम (प्रस्तावक का नाम) निर्वाचन नामावली की क्रम संख्या ..... पर प्रविष्टिकृत है।

प्रस्तावक के हस्ताक्षर
रजिस्टर में क्रम संख्या.....

मैं ..... श्री ..... के नामनिर्देशन का समर्थन करता हूँ।

समर्थक के हस्ताक्षर
रजिस्टर में क्रम संख्या .....

मैं, ... ऊपर उल्लिखित अभ्यर्थी, इस नामनिर्देशन को सहमति प्रदान करता हूँ और, एतद्द्वारा, घोषित करता हूँ कि मेरा नाम निर्वाचन नामावली में क्रम संख्या ..... पर प्रविष्टिकृत है।

समर्थक के हस्ताक्षर
रजिस्टर में क्रम संख्या .....

तारीख.....

———————

(रिटर्निंग अधिकारी द्वारा भरा जाना है)

नामनिर्देशन–पत्र की क्रम संख्या .....

यह नामनिर्देशन–पत्र मुझे अभ्यर्थी (नाम)...../प्रस्तावक (नाम)..... द्वारा (स्थान) ..... पर (तारीख) ..... को (समय) ..... परिदत्त किया गया था।

रिटर्निंग अधिकारी।

तारीख .....

(रिटर्निंग अधिकारी का नामनिर्देशन–पत्रों को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का विनिश्चय)

मैंने इस नामनिर्देशन पत्र की परीक्षा विधि के अनुसार की है और यथानिम्नलिखित विनिश्चय करता हूँ:

रिटर्निंग अधिकारी ।

तारीख.....

———————

प्ररूप–ङ
(विनियम 16(2) देखें)

मतपत्र

1. मत पत्र की क्रम संख्या
2. हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्
3. निर्वाचित किए जाने वाले सदस्यों की संख्या ..... (संख्या उपदर्शित की जानी है)
4. सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायियों या सह–पशु चिकित्सीय संस्थाओंध्स्थापनों के अभ्यर्थीयों के लिए डाक मत पत्र .....

क्रम संख्या	सम्यक रूप से नामनिर्दिष्ट अभ्यर्थियों के नाम	मत
1.	.....	.....
2.	.....	.....
3.	.....	.....
4.	.....	.....
5.	.....	.....

रिटर्निंग अधिकारी के आद्याक्षर/
अनुलिपि हस्ताक्षर

अनुदेशः–

1. सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायियों के अभ्यर्थियों मे से केवल पांच सदस्य निर्वाचित किए जाने हैं, अतः, केवल पाँच अभ्यर्थियों के सामने चिह्न लगाएं।
2. प्रत्येक निर्वाचक को उतने ही मत देने का अधिकार है, जितने अभ्यर्थी निर्वाचित किए जाने हैं।
3. निर्वाचक, मत प्रयोग के लिए अपनी पसंद के अभ्यर्थी के नाम के सामने "X" का चिह्न लगाएगा।
4. मतपत्र अविधिमान्य हो जाएगा, यदिः–

(क) उसमें रिटर्निंग अधिकारी के आद्याक्षर या अनुलिपि हस्ताक्षर नहीं हैं; या
(ख) उस पर मतदाता अपने हस्ताक्षर करता है या कोई शब्द लिखता है या चिह्न लगाता है, जिससे वह उसके मत पत्र के रूप में पहचानने योग्य बनता है; या
(ग) उस पर कोई मत अभिलिखित नहीं किया गया है; या
(घ) "X" चिह्न इस प्रकार से लगाया गया है, जिससे यह संदेह उत्पन्न होता है कि यह किसी अभ्यर्थी के लिए लागू होना आशयित है, या यह निर्वाचित किए जाने हेतु अपेक्षित अभ्यर्थियों के नामों की संख्या से अधिक के सामने लगाया गया है।

————————

प्ररूप–च
(विनियम 16(4) देखेंखें)
घोषणा पत्र

हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् अधिनियम, 2010 (2010 का अधिनियमन संख्याक 21) की धारा 54 (1) (ख) के अधीन हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् के लिए निर्वाचन .....
.....

क्रम संख्या .....
निर्वाचक का नाम.....
निर्वाचक नामावली की संख्या, यदि कोई है .....

निर्वाचक की घोषणा

मैं..... (पूरा नाम और पदनाम, यदि कोई है) घोषणा करता हूँ कि मैं हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् अधिनियम, 2010 (2010 का अधिनियम संख्यांक 21) की धारा 4 की उपधारा (1) के खण्ड (ii) के अधीन निर्वाचक मण्डल द्वारा हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् के सदस्य के लिए निर्वाचक हूँ और मैने इस निर्वाचन के लिए कोई अन्य मतपत्र प्रस्तुत नहीं किया है।

निर्वाचक के हस्ताक्षर
पता.....

स्थान.....
तारीख.....

————————

प्ररूप–छ
(विनियम 16(4) देखें)
सूचना का पत्र

श्रीमान जी/श्रीमती जी,

मुद्रित मतपत्र पर जिन व्यक्तियों के नाम भेजे जा रहे हैं, हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् के निर्वाचन के लिए सम्यक् रूप से अभ्यर्थी नामनिर्देशितत किए गए हैं।

यदि आप निर्वाचन में मत डालने की वाँछा रखते हैं, तो मैं आपसे अनुरोध करता हूँ/करती हूँ कि:–

(क) घोषणा पत्र को भरें और उस पर हस्ताक्षर करें;

(ख) मतपत्र पर मुद्रित अनुदेशों के अनुसार मत डालने के प्रयोजन के लिए मतपत्र में उपबन्धित स्तंभ में अपना मत चिह्नित करें;

(ग) मतपत्र को छोटे आवेस्टक में परिवेस्टित करें और इसे चिपका लें; और

(घ) छोटे आवेस्टक और घोषणा पत्र को, अन्य लिफाफे में जिस पर मेरा पता पहले से ही मुद्रित है, परिवेस्टित करें और उसे डाक द्वारा अपनी लागत पर मुझे वापिस करें या व्यक्तिगत रूप से इसे मेरे कार्यालय में परिदत्त करें, ताकि यह मुझे ....., 20..... तक मिल सके।

1. मतपत्र रद्द कर दिया जाएगा, यदि:–

(क) मतपत्र को परिवेस्टित किए जाने वाला बाह्य लिफाफा और घोषणा पत्र डाक द्वारा नहीं भेजा गया है या व्यक्तिगत रूप से मेरे कार्यालय में परिदत्त नहीं किया गया है या मतदान के लिए नियत किए गए घण्टों के पश्चात् प्राप्त हुआ है; या
(ख) बाह्य लिफाफे में छोटे वाले परिवेस्टक में घोषणा पत्र अन्तर्विष्ट नहीं है; या
(ग) मतपत्र को मतपत्र परिवेस्टक के बाहर रखा गया है; या
(घ) घोषणा पत्र वह नहीं है, जिसे रिटर्निंग अधिकारी द्वारा मतदाता को भेजा गया है; या
(ङ) एक से अधिक घोषणा पत्र या मतपत्र एक ही और उसी बाह्य लिफाफे में परिवेस्टित किए गए हैं; या
(च) घोषणा, निर्वाचक द्वारा हस्ताक्षरित नहीं की गई है; या

(छ) मतपत्र अविधिमान्य है।

2. मतपत्र अविधिमान्य होगा, यदि:–

(i) यदि इसमें रिटर्निंग अधिकारी के आद्याक्षर या अनुकृति हस्ताक्षर नहीं हैं; या

(ii) मतदाता मतपत्र पर अपने नाम के हस्ताक्षर करता है या कोई शब्द लिखता है या कोई चिह्न अंकित करता है, जिससे यह जानने योग्य हो कि यह उसका मतपत्र है; या

(iii) उस पर कोई मत अभिलिखित नहीं किया गया है; या

(iv) उस पर अभिलिखित मतों की संख्या, निर्वाचित किए जाने वाले अभ्यर्थियों से अधिक है; या

(v) प्रयोग किए गए मत की अनिश्चितता के कारण यह शून्य है।

3. यदि मतदाता अनवधानता में पत्र को खराब कर देता है, तो वह मतदान के लिए नियत दिन से पन्द्रह दिन के अपश्चात रिटर्निंग अधिकारी को वापस कर सकता है, जो ऐसी अनवधानता का समाधान होने पर उसे दूसरा मतपत्र जारी करेगा।

4. मतो की जाँच और गणना ..... तारीख के ..... बजे आरम्भ होगी।

5. कोई भी व्यक्ति, रिटर्निंग अधिकारी या ऐसे अन्य व्यक्ति जिन्हें वह अपनी सहायता के लिए नियुक्त करे अभ्यर्थियों के सम्यक् रूप से उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि के सिवाय जाँच और गणना करते समय उपस्थित नहीं रहेगा।

रिटर्निंग अधिकारी

प्ररूप–ज
(विनियम 22 (I)देखें)

सह–पशु चिकित्सीय परिषद् का चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थि
यों का परिणामपत्र

मत पत्रों की कुल संख्या	डाले गए कुल मतपत्र	अस्वीकृत कुल मतपत्र	स्वीकृत कुल विधिमान्य मतपत्र	कुल विधिमान्य मत	अभ्यर्थियों के नाम	डाले गए विधिमान्य मतों की, मतदान वार, गणना	प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त कुल मत
1	2	3	4	5	6	7	8

——
——

1. ....
2. ....
3. ....
4. ....
5. ....
6. ....

कुल विधिमान्य मत ....

रजिस्ट्रार
हिमाचल प्रदेश सह–पशु
चिकित्सीय परिषद्, शिमला

स्थान............
तारीख ....

————

हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्, शिमला–171005

अधिसूचना

शिमला, ... 2015

संख्याः................ हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्, हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् अधिनियम, 2010 (2010 का अधिनियम संख्याक 21) की धारा 54 की उप–धारा (1) के खण्ड (ग) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पत्र संख्याःएएचवाई–ए(3)–1/2009–पी–। तारीख 28/09/2011 द्वारा सूचित, राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती हैय अर्थात:–

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.–– (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् (अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की शक्तियां और कर्तव्य) विनियम, 2015 है।

(2) ये राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत होंगे।

2. **परिभाषाएँ.**––(1) इन विनियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो:–

(क) "कार्यसूची" से बैठक में संव्यवहारित किए जाने वाले प्रस्तावित कारबार की मद अभिप्रेत है; और

(ख) "कार्यवृत" से बैठक की कार्यवाही का अभिलेख अभिप्रेत है।

(2) उन शब्दों और पदों के, जो इन विनियमों में प्रयुक्त है, किन्तु परिभाषित नहीं हैं, वही अर्थ होंगें जो क्रमशः अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों में उनके हैं।

3. **अध्यक्ष की शक्तियाँ और कर्त्तव्य.––** परिषद् का अध्यक्ष:–

(i) कारबार के संव्यवहार हेतु या तो साधारण या विशेष बैठक आयोजित करेगा और उसकी अध्यक्षता करेगा तथा इसकी कार्यवाहियों को, जैसा वह उचित समझे, स्थगित करेगा और या विनियमित करेगा। तथापि साधारण बैठक तीन मास में कम से कम एक बार आयोजित की जाएगी।

(ii) तत्समय वास्तविक रूप से सेवारत्त सदस्यों के दो तिहाई सदस्यों से लिखित अनुरोध की प्राप्ति पर, किसी भी समय परिषद् की बैठक आयोजित करेगा परन्तु अध्यक्ष द्वारा विशेष बैठक केवल तभी बुलाई जाएगी, जब कभी कोई अत्यावश्यक मामला ऐसी बैठक में विचार हेतु हो।

(iii) प्रत्येक बैठक की सही तारीख, समय और स्थान अनुमोदित करेगा।

(iv) परिषद् की प्रत्येक बैठक की कार्यसूची का, जो रजिस्ट्रार द्वारा तैयार की जाएगी और सदस्यों को परिचालित की जाएगी, अनुमोदन करेगा।

(v) बैठक के दौरान या तत्पश्चात् यथासम्भव शीघ्र बैठक के कार्यवृत अभिलिखित करवाएगा।

(vi) बीस हजार रुपए से अनधिक व्यय मंजूर कर सकेगा है।

(vii) वर्ष के दौरान, जिसके लिए, परिषद् द्वारा बजट तैयार और अनुमोदित किया गया है, का किसी भी समय परिषद् के समक्ष विशेष बैठक में अनुपूरक बजट रखेगा।

(viii) परिषद् की प्रत्येक वार्षिक बैठक में, समस्त लेखें, परिषद् के समक्ष रखेगा।

(ix) प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात् रजिस्ट्रार को लेखा रिपोर्ट तैयार करने का निदेश देगा।

(x) परिषद् के सदस्यों के यात्रा भत्ता बिलों की बाबत नियन्त्रण अधिकारी होगा।

4. **उपाध्यक्ष की शक्तियां और कर्त्तव्य.––** अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष, समस्त बैठकों की अध्यक्षता करेगा।

5. **अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का मानदेय.––** अध्यक्ष आरै उपाध्यक्ष को परिषद् द्वारा यथा विनिश्चित मानदेय संदत किया जाएगा।

हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्, शिमला–171005

अधिसूचना

शिमला, ... 2015

संख्याः..... हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्, हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् अधिनियम, 2010 (2010 का अधिनियम संख्यांक 21) की धारा 54 की उप धारा (1) के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पत्र संख्याःएएचवाई–ए(3)–1 / 2009– पी –I तारीख 28 / 09 / 2011 द्वारा सूचित राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियमबनाती है, अर्थात:–

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.—— (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् (समितियों का गठन की प्रक्रिया, बैठकें बुलाना और आयोजित करना तथा ऐसी समितियों का कार्य संचालन) विनियम, 2015 है।

(2) ये विनियम राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होगें।

2. परिभाषाएं.—— (1) इन विनियमों मे जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो;

(क) "सदस्य" से परिषद् के पदेन और गैर–सरकारी सदस्य अभिप्रेत हैं;

(ख) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है;

(ग) "कार्यसूची" से बैठक में संव्यवहारित किए जाने वाले प्रस्तावित कार्य की मद अभिप्रेत है;

(घ) "अध्यक्ष" से समिति का अध्यक्ष अभिप्रेत है;

(ङ) "कार्यवृत" से बैठक की कार्यवाही का अभिलेख अभिप्रेत है;

(च) "पीठासीन" प्राधिकारी से सभापतिध्अध्यक्ष या उसकी अनुपस्थिति में, बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा बैठक की अध्यक्षता करने के लिए चुना गया कोई अन्य सदस्य अभिप्रेत है;

(छ) "गणपूर्ति" से परिषद्ध्समिति के सदस्यों की वह न्यूनतम संख्या, जिनकी उपस्थिति किसी भी बैठक के कार्य के उचित या विधिमान्य संव्यवहार के लिए आवश्यक है, अभिप्रेत है;

(ज) "समिति" से परिषद् द्वारा गठित समिति अभिप्रेत है।

(2) अन्य शब्दों और पदों के जो इन विनियमों में प्रयुक्त है किन्तु परिभाषित नहीं हैं, वही अर्थ होंगें जो क्रमशः अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों में उनके हैं।

3. समितियों की नियुक्ति और गठन.——(1) परिषद्, अधिनियम के अधीन इसके कृत्यों के कुशल निवर्हन के प्रयोजन के लिए इसके सदस्यों में से एक या एक से अधिक समितियां नियुक्त कर सकेगी।

(2) विनियम 3 के उप नियमन (1) के अधीन नियुक्त प्रत्येक समिति, ऐसे सदस्यों की संख्या से गठित होगी, जैसी परिषद् प्रत्येक समिति की बाबत अवधारित करे।

(3) समिति का सदस्य, साधारणतया, अधिसूचना की तारीख से एक वर्ष के लिए पद धारण करेगा और पुनः नियुक्ति के लिए पात्र होगा।

(4) उप विनियम (1) के अधीन नियुक्त प्रत्येक समिति, अपनी प्रथम बैठक में इसके सदस्यों में से किसी एक सदस्य को अध्यक्ष निर्वाचित करेगी।

(5) समिति के सदस्यों की नियुक्ति साधारणतया, परिषद् द्वारा इसकी साधारण बैठक में की जाएगी और सदस्य, अधिसूचना की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेंगे।

(6) रजिस्ट्रार, इन समस्त समितियों का सदस्य सचिव होगा।

(7) परिषद्, यदि आवश्यक समझे, किसी व्यक्ति, जिसको किसी समिति की बैठक का विशेष ज्ञान हो, उस विषय पर, उसके विचारों को सुनने के लिए आमन्त्रित कर सकती है। ऐसे व्यक्ति को चर्चा में भाग लेने का अधिकार होगा किन्तु मत देने का अधिकार नही होगा।

4. बैठकें आयोजित करना.—— परिषद्/समिति कारबार के संव्यवहार हेतु या तो साधारण या विशेष बैठक आयोजित कर सकेगी, इसकी कार्यवाहियों को जैसा उचित समझे, स्थगित और या विनियमित कर सकेगी, परन्तु, तथापि साधारण बैठक तीन मास में कम से कम एक बार आयोजित की जाएगी। समिति का सभापति/अध्यक्ष किसी भी समय, तत्समय वास्तविक रूप से सेवारत्त समिति के दो–तिहाई सदस्यों के लिखित अनुरोध की प्राप्ति पर परिषद्/समिति की बैठक आयोजित कर सकेगाय परन्तु विशेष बैठक, सभापति/अध्यक्ष द्वारा केवल तभी बुलाई जाएगी, जब कभी कोई अत्यावश्यक मामला ऐसी बैठक में विचार हेतु हो। परिषद्/समिति की बैठक, साधारणतया परिषद् के मुख्यालय में कार्यालय समय के दौरान आयोजित की जाएगी। प्रत्येक बैठक की सही तारीख, समय तथा स्थान परिषद् के रजिस्ट्रार द्वारा सभापति/अध्यक्ष के पूर्व अनुमोदन से नियत किया जाएगा।

5. गणपूर्ति.——(1) परिषद्/समिति की समस्त बैठकों की अध्यक्षता क्रमशः सभापति/अध्यक्ष द्वारा की जाएगी या उसकी अनुपस्थिति में उपस्थित सदस्यों द्वारा चुने गए परिषद्/समिति के किसी सदस्य द्वारा परिषद्/समिति की बैठक की अध्यक्षता की जाएगी। प्रत्येक बैठक हेतु गणपूर्ति, परिषद्/समिति गठित करने वाले सदस्यों की कुल संख्या के आधे से अन्यून से होगी, परन्तु किसी स्थगित बैठक में गणपूर्ति अपेक्षित नहीं होगी।

(2) बैठक हेतु नियत समय से पन्द्रह मिनट के भीतर यदि गणपूर्ति नहीं होती है, तो विनियम 4 के अधीन यथा अधिकथित सदस्यों के लिखित अनुरोध पर आयोजित बैठक विघटित की जाएगी, किन्तु किसी अन्य मामले में, किसी भावी दिन या उसी दिन के किसी और समय को स्थगित की जाएगी, जैसा पीठासीन प्राधिकारी स्थगन के समय अवधारित और घोषित करे। यदि ऐसी स्थगित बैठक में नियत समय से पन्द्रह मिनट के भीतर गणपूर्ति नहीं होती है, तो बैठक हेतु नियत कार्य पश्चातवर्ती बैठक में संव्यवहारित किया जाएगा।

(3) बैठक में नियत कारबार से अन्यथा कोई कार्य ऐसी पश्चातवर्ती बैठक में संव्यवहारित नहीं किया जाएगा।

(4) ऐसे स्थगन का नोटिस, परिषद् के कार्यालय या बैठक के स्थान पर, उस दिन जब बैठक स्थगित की जाती है, चिपकाया जाएगा।

6. बहुमत द्वारा विनिश्चय.—— विनियम 5 में उपवंधित के सिवाय, परिषद्ध्समिति की किसी बैठक के समक्ष लाए गए समस्त प्रश्न या मदें, उपस्थित सदस्यों के बहुमत से विनिश्चित की जाएगी और मत बराबर होने की दशा में, बैठक के पीठासीन प्राधिकारी का दूसरा या निर्णायक मत होगा।

7. बैठक हेतु कार्यसूची.——समिति की प्रत्येक बैठक हेतु कार्यसूची, परिषद् के अध्यक्ष से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर रजिस्ट्रार द्वारा तैयार की जाएगी। किसी मद को कार्यसूची में सम्मिलित करने से पूर्व रजिस्ट्रार यह सुनिश्चित करेगा कि मद को सम्मिलित करने के लिए परिषद् के अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। कार्यसूची में सम्मिलित की जाने वाली प्रत्येक मद, स्वतः स्पष्ट होगी। यदि किसी मद पर समिति का अनुमोदन परिचालन द्वारा अपेक्षित है, तो रजिस्ट्रार द्वारा, उस मद के परिचालन से पूर्व समिति के अध्यक्ष का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा।

8. बैठक हेतु नोटिस.——(1) रजिस्ट्रार द्वारा, प्रत्येक सदस्य को किसी साधारण बैठक के लिए कम से कम सात दिन का लिखित नोटिस दिया जाएगा। तथापि, असाधारण बैठक दो दिन के नोटिस पर आयोजित की जा सकेगी। बैठक की कार्यसूची की प्रति सदस्यों को या तो नोटिस के साथ या तत्पश्चात यथा शीघ्र सम्भव हो, किन्तु साधारण बैठक से कम से कम 3 दिन पूर्व भेज दी जाएगी।

(2) नोटिस सम्यक रूप से तामील हुआ समझा जाएगा, यदि इसे विहित समय सीमा के भीतर, सदस्यों को व्यक्तिगत तौर पर या सदस्यों द्वारा रजिस्ट्रार को लिखित में संसूचित रजिस्ट्रीकृत पते पर, डाक द्वारा भेजा गया है।

9. कार्यवृतों की पुष्टि.——(1) परिषद्/समिति की बैठक के कार्यवृत और परिचालन द्वारा पारित प्रस्तावों को, अध्यक्ष/सभापति द्वारा, प्रयोजन हेतु उपबंधित रजिस्टर में दर्ज करवाया जाएगा, जिसे रजिस्ट्रार की अभिरक्षा में रखा जाएगा।

(2) कार्यवृत या तो बैठक के दौरान या तत्पश्चात, यथाशीघ्र सम्भव अभिलिखित किए जाएंगे और उस में निम्नलिखित अन्तर्विष्ट होंगा:–

(i) विशेष आमन्त्रण द्वारा उपस्थित व्यक्तियों सहित समिति की प्रत्येक बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों के नाम;

(ii) प्रत्येक प्रस्ताव के लिए या विरोध में मत कर रहे सदस्यों के नाम, जहाँ पर मतभेद होंय और

(iii) कार्यसूची की प्रत्येक मद के विरूद्ध लिए गए विनिश्चय को संक्षिप्त में दर्शाते हुए बैठक के कार्यवृत।

(3) कार्यवृत इस प्रकार अभिलिखित किए जांएगें जिससे एक अभिलिखित विनिश्चय और अन्य के बीच खाली स्थान न रहे ताकि बाद में प्रक्षेप करने के लिए कोई खाली स्थान न रहे। पीठासीन प्राधिकारी बैठक के पश्चात् यथाशीघ्र सम्भव कार्यवृत्त रजिस्टर पर हस्ताक्षर करेगा और प्रक्षेप, मिटाना तथा प्रतिस्थापन, यदि कोई हो, को अनुप्रमाणित करेगा।

(4) प्रत्येक बैठक की कार्यवाही पीठासीन प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित की जाएगी। पीठासीन प्राधिकारी के अनुमोदन तथा हस्ताक्षर के पश्चात् कार्यवाही रजिस्ट्रार द्वारा सम्यक रूप से रखी जाएगी।

(5) प्रत्येक बैठक की कार्यवाही की एक प्रति अध्यक्ष और समस्त सदस्यों चाहे वे उपस्थित हों या न हों को दी जाएगी तथा अगली बैठक में इसकी पुष्टि की जाएगी। कार्यवाही के कार्यवृत्त परिषद् के अध्यक्ष को भी भेजे जाएंगे।

(6) कार्यवृत्त रजिस्टर को सावधानीपूर्वक अनुक्रमित किया जाएगा, जब वास्तविक उपयोग में न हो तो रजिस्ट्रार द्वारा अपनी सुरक्षित अभिरक्षा में रखा जाएगा।

(7) समिति का कार्य हिन्दी के देवनागरी लिपि या अंग्रेजी में संव्यवहारित किया जाएगा, जैसा परिषद् समय–समय पर विनिश्चत करे।

10. सदस्यता से हटाना.––परिषद् समिति से किसी भी सदस्य को हटा सकती है;–

(क) जो परिषद् की राय में, पर्याप्त, प्रतिहेतु के बिना परिषद् की चार से अधिक बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहता है; और

(ख) जो परिषद् की राय में सदस्य के तौर पर पद का दुरूपयोग करता है और उसका समिति का सदस्य बना रहना परिषद् के हित के लिए हानिकर है।

11. बैठक की कार्यवाही का विधिमान्य होना.––जब तक प्रतिकूल सिद्ध न हो, समिति की प्रत्येक बैठक विधिवत आयोजित समझी जाएगी, जब तक बैठक के कार्यवृत्त इन विनियमों के उपबन्धों के अनुसार हस्ताक्षरित किए गए हैं।

————————

हिमाचल प्रदेश प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्, शिमला–171005

अधिसूचना

शिमला, ... 2015

संख्या..... हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्, हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् के अधिनियम, 2010 (2010 का अधिनियम संख्यांक 21) की धारा 54 की उप धारा (1) के खण्ड (ङ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पत्र संख्याःएएचवाई–ए(3)–1/2009–पी–I तारीख 28/09/2011 द्वारा सूचित, राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती हैः–

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.—— (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् (परिषद् के गैर सरकारी सदस्यों को संदेय यात्रा और अन्य भत्ते) विनियम, 2015 है।

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएँ.——(1) समस्त शब्दों और पदों के, जो इन विनियमों में प्रयुक्त हैं परन्तु परिभाषित नहीं हैं, वही अर्थ होंगें जो अधिनियम तथा तद्धीन बनाए गए नियमों में उनके हैं।

3. परिषद् के सदस्यों को संदेय भत्ते.—— (1) परिषद् का प्रत्येक सदस्य परिषद् की बैठक अथवा समिति की बैठक में भाग लेने या अध्यक्ष के आदेशाधीन किसी अन्य कारबार के लिए सदस्य के रूप में अपने कर्त्तव्य से सम्बन्धित यात्रा करता है, तो वह दो सौ पचास रूपये की दर से दैनिक भत्ता पाने का हकदार होगा।

(2) पदेन और गैर–सरकारी सदस्य, परिषद् अथवा समिति की बैठक में उपस्थितध्भाग लेने के लिए उसी दर पर जैसे उनको पदीय हैसियत पर अग्रजेय है, यात्रा भत्ते के लिए हकदार होंगे, परन्तु सह–पशु चिकित्सीय संस्थाओं के निरीक्षण के दौरान, निरीक्षण दल के सदस्यों को उनके दौरे के दौरान टैक्सी उपलब्ध कराई जाएगी।

(3) यदि कोई सदस्य, ऐसे स्थान पर निवास कर रह रहा हो जहाँ परिषद् की बैठक आयोजित की गई है, तो वह उपरोक्त विनिर्दिष्ट दरों पर दैनिक भत्ते और यात्रा भत्ते का हकदार नहीं होगा, किन्तु उसे अधिकत्तम एस सौ पचास रूपये प्रतिदिन के अध्यधीन, प्रचालित सरकारी दरों पर किराऐ पर लिए गए या अपने वाहन के लिए वास्तविक कीमत अनुज्ञात की जाएगी। परन्तु वास्तविक दावे का संदाय करने से पूर्व, नियन्त्रक अधिकारी यह समाधान होने और ऐसे ब्यौरे प्राप्त होने, जैसे वह उचित समझे के पश्चात् कि वास्तविक व्यय द्वावाकृत व्यय से कम नहीं था, के दावे को सत्यापित करेगा।

(4) परिषद् के सदस्य को, इस प्रभाव का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर कि उसने ऐसी यात्राध ठहराव के लिए किसी सरकारी स्त्रोत से कोई भत्ता आहृत नहीं किया है, यात्रा और दैनिक भत्ता अनुज्ञेय होगा।

(5) परिषद् के गैर–सरकारी सदस्य, परिषद् या इसकी समिति की बैठक के सबंधं में पहले से ही दिए गए अपने स्थाई निवास के स्थान से और को वास्तव में की गई यात्रा के लिए यात्रा और दैनिक भत्तों के हकदार होंगें। यदि कोई गैर–सरकारी सदस्य, परिषद् या इसकी समिति की बैठक में भाग लेने के लिए अपने स्थायी निवास से अन्यथा किसी अन्य स्थान से यात्रा करता है या बैठक में भाग लेने के पश्चात् स्थायी निवास से अन्यथा किसी अन्य स्थान को वापिस लौटता है, तो यात्रा भत्ता, की गई यात्रा की दूरी या स्थाई निवास और बैठक के स्थान की दूरी, जो भी कम हो, के आधार पर बनाया जाएगा।

————————

हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्, शिमला–171005

अधिसूचना

शिमला, ...2015

संख्याः..... हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्, हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् के अधिनियम, 2010 (2010 का अधिनियम संख्यांक 21) की धारा 54 की उप धारा (1) के खण्ड (च) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पत्र संख्याःएएचवाई–ए(3)–1 / 2009–पी–I तारीख 28 / 09 / 2011 द्वारा सूचित राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात.–

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.—— (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् (रजिस्ट्रार के विनिश्चय पर अपील की सुनवाई और विनिश्चय की रीति) विनियम, 2015 है।

(2) यह विनियम, राजपत्र हिमाचल प्रदेश, में इसके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाए.**––(1) इन विनियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो.–

(क) "अधिनियम" से हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् अधिनियम, 2010 अभिप्रेत है।

(ख) "अपीलीय समिति" से परिषद् के तीन सदस्यों से गठित समिति अभिप्रेत है।

(ग) "अपीलार्थी" से रजिस्ट्रार के आदेश या विनिश्चय से व्यथित व्यक्ति अभिप्रेत है।

(2) उन शब्दों और पदों के जो इन विनियमों में प्रयुक्त है परन्तु परिभाषित नहीं हैं, वही अर्थ होंगें जो अधिनियम तथा तद्धीन बनाए गए नियमों में क्रमशः उनके हैं।

3. **अपील.**––रजिस्ट्रार के किसी आदेश या विनिश्चय, जो उस द्वारा अधिनियम या तद्धीन बनाए गए नियम के अधीन किया गया हो, से व्यथित कोई व्यक्ति विनियम 5 के अधीन परिषद् द्वारा नियुक्त अपीलीय समिति को अपील कर सकेगा।

4. **अपील का ज्ञापन प्रस्तुत करना.––** (1) प्रत्येक अपील.–

(क) आदेश या विनिश्चय जिसके विरूद्ध अपील की जानी है, की संसूचना की तारीख से साठ दिन के भीतर दायर की जाएगी।

(ख) पाँच सौ रुपए केवल की फीस के संदाय के समाधानप्रद सबूत सहित संलगित होगी;

(ग) लिखित में और सटैंडर्ड वाटर मार्क ज्यूडिशियल पेपर पर लिखी होगी;

(घ) अपीलार्थी का नाम तथा पता विनिर्दिष्ट होगा;

(ङ) आदेश की तारीख जिसके विरूद्ध इसे किया गया है विनिर्दिष्ट होगी;

(च) आदेश अथवा विनिश्चय किस तारीख को अपीलार्थी को संसूचित किया गया है, विनिर्दिष्ट होगा;

(छ) अपील के तथ्यों और आधार का स्पष्ट विवरण किन्तु स्पष्ट रूप से अन्तर्विष्ट होगा;

(ज) संक्षिप्त में राहत के लिए प्रार्थना कथित होगी; और

(झ) अपीलार्थी द्वारा निम्न प्ररूप में सत्यापित और हस्ताक्षरित होगी, अर्थात:–

"मैं ..... उपरोक्त अपील ज्ञापन में नामित अपीलार्थी एतद्द्वारा द्वारा घोषणा करता हूँ कि इसमें कथित तथ्य मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास से सत्य हैं।''

.....
हस्ताक्षर के साथ

(2) अपील का ज्ञापन मूल आदेश जिसके विरूद्ध इसे किया गया है अथवा इसकी अधिप्रमाणित प्रति के साथ होना चाहिए, जब तक अपीलार्थी अपील प्रस्तुत करते समय अपीलीय समिति का समाधान नहीं करता, कि चूक के लिए अच्छा कारण है, जिस मामले में यह ऐसे समय में दायर किया जाएगा जिसे उक्त समिति नियत करे।

(3) अपील का ज्ञापन दो प्रतियों में होगा और अपीलार्थी द्वारा या तो अपीलीय समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा या रजिस्ट्रीकृत डाक से भेजा जाएगा।

5. **अपीलीय समिति.**——विनियम 3 के अधीन प्राप्त अपील, परिषद् के तीन सदस्यों, जिसमें से एक परिषद् द्वारा नियुक्त सभापति होगा, से गठित अपीलीय समिति द्वारा सुनी जाएगी। अपीलीय समिति स्वप्रेरणा से किसी भी व्यक्ति, जिसकी गवाही उसे सारवान प्रतीत हो, को समन जारी कर सकेगी और उसका परिक्षण कर सकेगी।

6. **अपील का संक्षिप्ततः नामंजूर किया जाना.**——(1) अपील का ज्ञापन यदि विनियम 4 के समस्त या किन्हीं अपेक्षाओं का अनुपालन नहीं करता है, तो अपील संक्षिप्ततः नामंजूर की जा सकेगी:

परन्तु इस उप विनियम के अधीन कोई अपील संक्षिप्त रूप में नामंजूर नहीं की जाएगी, जब तक कि अपीलार्थी को ऐसा अवसर, जैसा अपीलीय समिति उचित समझे, ऐसी अपील के ज्ञापन का संशोधन करने, जिससे इसको विनियम 4 की अपेक्षा के अनुरूप लाया जा सके, न दिया जाए।

(2) अपील को किसी अन्य आधार पर संक्षिप्ततः नामंजूर किया जा सकेगा, जिसे अपीलीय समिति द्वारा लिखित में अभिलिखित किया जाएगा:

परन्तु इस उप विनियम के अधीन किसी अपील को नामंजूर करने का आदेश पारित करने से पूर्व, अपीलार्थी को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर दिया जाएगा।

7. **अपील की सुनवाई.**——(1) अपीलीय समिति यदि अपील को संक्षिप्ततः नामंजरू नहीं करती है तो वह अपीलार्थी को सुनने हेतु तारीख नियत करेगी।

(2) अपीलीय समिति किसी भी प्रक्रम पर, अपील की सुनवाई को किसी अन्य तारीख के लिए स्थगित कर सकेगी।

(3) यदि, अपीलार्थी, सुनवाई हेतु नियत तारीख पर या जिस तारीख के लिए सुनवाई स्थगित की गई थी, को अपीलीय समिति के समक्ष व्यक्तिगत रूप में उपस्थित नहीं होता है, तो अपीलीय समिति, जैसा वह उचित समझे, अपील खारिज कर सकेगी या इसे एक पक्षीय घोषित कर सकेगी।

(4) जब कोई अपील, उप विनियम (3) के अधीन खारिज कर दी जाती है या एक पक्षीय विनिश्चित कर दी जाती है, तो अपीलार्थी ऐसे आदेश की संसूचना की तारीख से तीस दिन के भीतर अपीलीय समिति को माफी या अपील की पुनः सुनवाई के लिए आवेदन कर सकेगा और यदि अपीलीय समिति का समाधान हो जाता है कि जब अपील की सुनवाई के लिए पुकार हुई थी अपीलार्थी पर्याप्त कारण से उपस्थित होने से निर्वाहित हुआ था, यह खर्चे के विबन्धनों और शर्तों के सहित, ऐसी शर्तों पर अपील को पुनः ग्रहण या पुनः सुनवाई कर सकेगी, जैसी यह उचित समझे।

(5) अपीलीय समिति सुनवाई के पश्चात् जैसा वह उचित और सही समझे, आदेश पारित करेगी। अपीलीय समिति का आदेश अन्तिम होगा।

(6) यदि अपीलीय समिति के सदस्यों की राय में भिन्नता हो, तो वहुमत का विनिश्चय अभिभावी होगा। दो सदस्य से गणपूर्ति होगी। यदि, केवल दो सदस्य उपस्थित हों और दोनो की राय में भिन्नता हो, तो अध्यक्ष का विनिश्चय अभिभावी होगा या उसकी, अनुपस्थित में मामला अध्यक्ष को विनिर्दिष्ट किया जाएगा और उसका विनिश्चय अभिभावी होगा। यथास्थिति, अपीलीय समिति या अध्यक्ष का विनिश्चय अन्तिम और वाध्य होगा।

8. **अपील में पारित आदेश की प्रति का प्रदाय.**——अपील में पारित आदेश की एक प्रति अपीलार्थी को निःशुल्क दी जाएगी और दूसरी प्रति परिषद् के रजिस्ट्रार को भेजी जाएगी, जिसका आदेश अपील की विषय वस्तु होगा।

हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्, शिमला–171005

अधिसूचना

शिमला, ... 2015

संख्याः.....हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्, हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् अधिनियम, 2010 (2010 का अधिनियम संख्यांक 21) की धारा 54 की उप धारा (1) के खण्ड (छ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पत्र संख्याःएएचवाई–ए(3)–1 / 2009–पी–I, तारीख 28 / 09 / 2011 द्वारा सूचित, राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थातः–

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.–– (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् (वृत्तिक आचरण के विनियमन के लिए सदाचार संहिता) विनियम, 2015 है।

(2) ये राजपत्र, हिमाचल प्रदेश, में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाए.–– (1) इन विनियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो.–

(क) "अधिनियम" से हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् अधिनियम, 2010 अभिप्रेत है;

(ख) "परिशिष्ट" से इन विनियमों से संलग्न परिशिष्ट अभिप्रेत हैं; और

(ग) "रजिस्ट्रीकरण संख्या" से राज्य रजिस्टर के अनुसार सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायियों को आवंटित संख्या अभिप्रेत है।

(2) समस्त शब्दों और पदों, जो इन विनियमों में प्रयुक्त है किन्तु परिभाषित नहीं हैं, के वही अर्थ होगें, जो क्रमशः अधिनियम और तद्धीन विरचित नियमों में उनके हैं।

3. वृत्तिक आचरण के विनियमन के लिए सदाचार संहिता.––अधिनियम की धारा 18 की उप–धारा (2) के खण्ड (ग) के अधीन यथा अपेक्षित परिषद्, सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी के वृत्तिक आचरण के विनियमन के लिए सदाचार संहिता अधिकथित करेगी।

(1) **घोषणा.––**(क) अधिनियम की धारा 38 के अधीन सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायियों के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन करते समय प्रत्येक आवेदक को घोषणा की एक प्रति उपलब्ध करवाई जाएगी और वह परिशिष्ट–1 में यथा उपबन्धित सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित घोषणा को रजिस्ट्रार को प्रस्तुत करेगा।

(ख) आवेदक यह भी प्रमाणित करेगा / करेगी कि उसने उक्त घोषणा पत्र को पढ़ लिया है और वह उस द्वारा की गई उक्त घोषणा का अनुपालन करने हेतु सहमत है।

(2) **वृत्ति का सम्मान.––**एक सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी, अपनी वृत्ति (व्यवसाय) में प्रवेश करने पर वृत्तिक आचरण के सिद्धान्तों के अनुरूप और अपने को एक सज्जन के रूप में पेश आने की बाध्यता उपगत करता है। वह अपने सहकर्मियों के साथ उचित गौरव बनाये रखेगा और उनकी न तो अपने कृत्य से न ही अपने शब्दों से उपेक्षा करेगा।

(3) **चरित्र और नैतिकता का मानदण्ड.––**(क) पशु चिकित्सीय वृत्ति, सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायियों से उच्चतर स्तर के चरित्र और नैतिकता की अपेक्षा करती है और ऐसे मानक को बनाए रखने के लिए प्रत्येक सह–पशु चकित्सीय व्यवसायी का कर्तव्य (ड्यूटी) है कि वह वृत्तिक और जनता के प्रति उत्तरदायी हो।

(ख) सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी, अपनी वृत्ति की मर्यादा और सम्मान को बनाये रखेगाय और

(ग) पशु चिकित्सीय व्यवसायी का मुख्य उद्देश्य पशुधन को सेवा प्रदान करना हैय इनाम या वित्तीय लाभ प्राप्त करना एक गौण प्रतिफल है। जो कोई भी इस व्यवसाय को चुनता है, वह इसके आदर्शों के पृष्ठ अनुसार अपने आचरण को व्यवधारित करना अपना दायित्व समझता है। एक सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी को इलाज करने की कला में निपुण एवं पारंगत होना होगा। उसे अपने चरित्र को पवित्र रखना होगा और बीमार पशुधन की देखभाल में सावधानी बरतनी होगी, उसे विनम्र, उदार, संयमी तथा अपने कर्तव्य का बिना चिन्ता के निर्वहन करने में निपुण होना होगा तथा अपनी वृत्ति में और अपने जीवन के समस्त कृत्यों में सुयोग्यता से आचरण करना होगा।

(4) रजिस्ट्रीकरण संख्या को संप्रदर्शित करना.– प्रत्येक सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् द्वारा उसको प्रदान किए गए रजिस्ट्रीकरण संख्या को अपने स्थापन मे संप्रदर्शित करेगा।

(5) **सेवा के लिए पारिश्रमिक.––**(क) सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी को सम्मान के साथ अडिग एकरूपता के साथ समुदाय, जिसमें वह व्यवसाय करता है, में प्रचलित वृत्तिक सेवाओ हेतु पारिश्रमिक के लिए तथा बदलती परिस्थितियाँ स्वीकार करनी होगी।

(ख) सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी बीमार पशुधन और उनके स्वामी के हित को प्राथमिकता देगा। व्यक्तिगत वित्तीय हितों का बीमार पशुधन के हितों के साथ विरोध नहीं होगा। वह सेवा प्रदान करने से पूर्व अपनी फीस की घोषणा करेगा, परन्तु सेवा करने के पश्चात् या सेवा करने के दौरान नहीं करेगा। सेवा प्रदान करते समय बीमार पशुधन के स्वामी को ऐसी सेवा के लिए प्राप्त पारिश्रमिक, जिस रूप में और रकम विशेषरूप से विदित करनी होगी। "कोई संदाय नही कोई देखभाल नहीं" की संविदा करना अनैतिक है। सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी, जो राज्य की ओर से सेवा प्रदान कर रहा है, को पूर्वानुमापित किसी प्रतिफल से दूर रहेगा।

(6) **अनैतिक आचरण प्रकटीकरण.––**सह–पशु चिकित्सा व्यवसायी, बिना भय और पक्षपात के, सह–पशु चिकित्सीय वृत्तिक की ओर से अक्षमता, भ्रष्टता, बेईमान या अनैतिक आचरण को प्रकट करेगा।

4. अनुशासनिक कार्यवाई और दण्ड.––(1) सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी, की वृत्तिक अवचार के सबंधं मे शिकायत, अनुशासनिक कार्यवाई के लिए, परिषद् के अध्यक्ष को की जाएगी। वृत्तिक अवचार की किसी शिकायत के प्राप्त होने पर, परिषद् जाँच करवाएगी और रजिस्ट्रीकृत सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी को व्यक्तिगत रूप से सुनवाई का अवसर प्रदान करेगी, यदि सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी वृत्तिक अवचार का दोषी पाया जाता है, तो परिषद् ऐसा दण्ड दे सकेगी, जैसा आवश्यक हो या दोषी रजिस्ट्रीकृत सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी के नाम को, सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी के राज्य रजिस्टर सदैव के लिए या विनिर्दिष्ट अवधि के लिए हटाने का निदेश देगी। राज्य रजिस्टर से नाम के लोप को स्थानीय समाचार पत्रों के साथ–साथ सह–पशु चिकित्सीय संघधनिकाय के प्रकाशन (पब्लिकेशन) में व्यापक रूप से प्रकाशित किया जाएगा।

(2) यदि राज्य रजिस्टर से नाम हटाने का दण्ड सीमित अवधि के लिए है, तो परिषद् यह भी निदेश दे सकेगी कि इस प्रकार हटाया गया नाम, राज्य रजिस्टर में उस अवधि, जिसके लिए नाम हटाने का आदेश दिया गया था, के अवसान के पश्चात् 100 रूपये (एक सौ रूपये) के संदाय पर प्रत्यावर्तित किया जाएगा।

(3) दोषी सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी के विरूद्ध शिकायत पर विनिश्चय, छह मास की अवधि के भीतर लिया जाएगा।

(4) शिकायत के लम्बित रहने के दौरान हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्, दोषी सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी को व्यवसाय करने से रोक सकेगी।

परिशिष्ट–I

(विनियम 3(1) देखें)

घोषणा

सह पशु–चिकित्सीय व्यवसायी के रजिस्ट्रीकरण के समय प्रत्येक आवेदक को सम्बद्ध रजिस्ट्रार द्वारा निम्नलिखित घोषणा की एक प्रति दी जाएगी और आवेदक उसको पढ़ेगा और उसका पालन करेगा।

(1) मैं सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञा करता हूँ कि मेरा जीवन पशुधन की सेवा के लिए समर्पित है।

(2) यहाँ तक कि किसी धमकी में, मैं अपने पशु चिकित्सा ज्ञान का उपयोग पशुधन विधियों के विपरीत नहीं करूँगा।

(3) मैं अपने कर्त्तव्य और मरीज के मध्य हस्तक्षेप करने के लिए धर्म, राष्ट्रीयता, जाति, दल की राजनीति या सामाजिक स्थिति के तर्कों को अनुमति नहीं दूँगा।

(4) मैं विवेक और गरिमा के साथ अपने पेशे का व्यवसाय करुँगा।

(5) मेरे पशुओं का स्वास्थ्य मेरा प्रथम उद्देश्य होगा।

(6) मैं स्वयं में सीमित गोपनीयता का सम्मान करूंगा।

(7) मैं अपनी शक्ति में सभी साधनों द्वारा पशु चिकित्सा वृत्तिक के सम्मान तथा प्रतिष्ठित परम्पराओं को बनाए रखूंगा।

(8) मैं अपने सहयोगियों के साथ सम्मान और मर्यादा से बर्ताव करूंगा।

(9) मैं हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् (सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी के पेशेवर आचरण के नियमन के लिए आचार संहिता) विनियम, 2015 में यथा घोषित आचार संहिता का पालन करूंगा।

मैं सत्यनिष्ठ, स्वतन्त्र और सम्मान के साथ यह वचन करता हूँ।

हस्ताक्षर
नाम .....
स्थान .....
पता ..... दूरभाष संख्या .....
तारीख .....

रजिस्ट्रार,
हिमाचल प्रदेश सह–पशु
चिकित्सीय परिषद्, शिमला ।

अध्यक्ष,
हिमाचल प्रदेश सह–पशु
चिकित्सीय परिषद्, शिमला ।

स्थान
तारीख

हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्, शिमला–171005

अधिसूचना

. शिमला, ... 2015

संख्याः.....हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्, हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् अधिनियम, 2010 (2010 का अधिनियम संख्यांक 21) की धारा 54 की उप धारा (1) के खण्ड (ज) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पत्र संख्याःएएचवाई–ए(3)–1 / 2009–पी–I, तारीख 28 / 09 / 2011 द्वारा सूचित, राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थातः–

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**––(1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् (रजिस्ट्रार–अन्य अधिकारियों तथा सेवकों की सेवा शर्तें और वेतनमान) विनियम, 2015 है।

(2) ये इनके राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं.**–– समस्त अन्य शब्दों और पदों, जो इन विनियमों में प्रयुक्त है, किन्तु परिभाषित नहीं हैं, के वही अर्थ होंगें जो उनके क्रमशः अधिनियम और तद्धीन विरचित नियमों में हैं।

3. **परिषद् के रजिस्ट्रार के रूप में नियुक्ति के लिए अर्हता और अनुभवः––** परिषद् के रजिस्ट्रार की नियुक्ति, हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् अधिनियम 2010 की धारा 32 के अधीन यथा आपेक्षित राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से परिषद् द्वारा की जाएगी, और वह पशु पालन विभाग, के शिमला में सेवारत्त तकनीकी वर्ग–I अधिकारी होना चाहिए।

4. **रजिस्ट्रार के पद की अवधि और सेवा की शर्तें:**––रजिस्ट्रार के पद की अवधि उसकी नियुक्ति की तारीख से पॉच वर्ष की होगी, परन्तु उसके पद की अवधि के अवसान पर रजिस्ट्रार, पुनर्नियुक्ति हेतु पात्र होगा।

5. **रजिस्ट्रार को संदत्त किया जाने वाला पारिश्रमिक और भत्तेः––** (1) विनियम 3 के अधीन नियुक्त रजिस्ट्रार, शिमला में उसके अपने पद के कर्तव्यों के अतिरिक्त, रजिस्ट्रार के कृत्यों का पालन भी करेगा और उसे ऐसा पारिश्रमिक संदत्त किया जाएगा जैसा परिषद् द्वारा निर्धारित किया जाए, तथा पारिश्रमिक, परिषद् की निधि में से संदत्त किया जाएगा।

(2) यदि रजिस्ट्रार को परिषद् या इसकी समिति की बैठक में भाग लेने या लोक हित में परिषद् के किसी कार्य के लिए कोई यात्रा करनी हो तो वह उसी प्रकार के यात्रा और दैनिक भत्तों के आहरण का दायी होगा, जो उसकी पदीय हैसियत से परिषद् की निधि में से उसे अनुज्ञेय है।

6. **कर्मचारीवृन्द (नियमित / संविदात्मक लिपिक एवं कम्पयूटर ऑपरेटर (अराजपत्रित) वर्ग–III और चपरासी / चौकैकीदार (अराजपत्रित) वर्ग––IV के भर्ती औरैर प्रोन्नति नियम).**––हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् अधिनियम, 2010 (2010 का अधिनियम संख्यांय 21) की धारा 54 की उपधारा (1) के खण्ड (ज) के अधीन यथा अपेक्षित निम्नलिखित पदों के लिए भर्ती और प्रोन्नति नियमों का उसी रीति में, जैसी समय–समय पर राज्य सरकार में लागू है, अनुसरण किया जाएगाः–

1. पद का नाम	लिपिकीय कर्मचारीवृन्द,	= 2

(लिपिक से लिपिकीय कर्मचारीवृन्द, में प्रविष्ट और अगले उच्चतर ग्रेड में प्रोन्नति)

2. पद का नाम	चपरासी	= 1
3. पद का नाम	चौकीदार	= 1

उस समय तक, जब तक उपरोक्त पदों के लिए नियमित / संविदा के आधार पर नियुक्तियाँ नहीं की जाती है, तब तक परिषद् द्वारा निर्धारित किए गए मानदेय पर पशु पालन विभाग के, सेवानिवृत / सेवारत्त कर्मचारियों की सेवाएं ली जा सकेंगी, ताकि परिषद् का कार्य प्रारम्भ किया जा सके।

————————

हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषप्रद्, शिमला–171005

अधिसूचना

शिमला, ... 2015

संख्याः.....हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्, हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् अधिनियम, 2010 (2010 का अधिनियम संख्यांक 21) की धारा 54 की उप धारा (1) के खण्ड (झ और ञ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पत्र संख्याःएएचवाई–ए(3)–1 / 2009–पी–I तारीख 28 / 09 / 2011 द्वारा सूचित, राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात:–

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भः––**(1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् (राज्य रजिस्टर और इसके प्ररूप के पुनरीक्षण की रीति) विनियम, 2015 है।

(2) ये इनके राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं.––**(1) इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो;

(क) "अधिनियम" से हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् अधिनियम 2010 अभिप्रेत है; और

(ख) "प्ररूप" से इन विनियमों से संलग्न प्ररूप अभिप्रेत है।

(2) समस्त अन्य शब्दों और पदों, जो इन विनियमों में प्रयुक्त हैं, किन्तु परिभाषित नहीं हैं, के वही अर्थ होंगें जो क्रमशः अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों में उनके हैं।

3. **सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी का राज्य रजिस्टर और इसके पृष्ठों का सत्यापनः–**(1) अधिनियम की धारा 38 की उप–धारा (2) के अधीन यथा अपेक्षित सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी का राज्य रजिस्टर प्ररूप–क में होगा।

(2) रजिस्ट्रार, सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी के राज्य रजिस्टर को प्रयोग मे लाने से पूर्व, मुख पृष्ठ पर इसमें अन्तर्विष्ट पृष्ठों की संख्या को विनिर्दिष्ट करने का प्रमाण–पत्र देगा। ऐसा प्रमाण पत्र रजिस्ट्रार द्वारा हस्ताक्षरित होगा और तारीख डाली जाएगी।

(3) रजिस्टर का प्रत्येक पृष्ठ रजिस्ट्रार द्वारा संख्याकित और सत्यापित किया जाएगा।

4. **नाम में परिवर्तन का रजिस्ट्राार को सूचित किया जाना.––**यदि रजिस्ट्रीकृत सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी या सह चिकित्सीय स्थापन अपने नाम में परिवर्तन करता है, तो वह इसके बारे में रजिस्ट्रार को सूचित करेगा और रजिस्ट्रार का समाधान करवाएगा कि उसने नाम परिवर्तन के तथ्य को उस क्षेत्र, जहाँ वह अपना व्यवसाय कर रहा है, में व्यापक परिचालन वाले अग्रणी समाचार–पत्रों में पहले ही सूचित कर दिया है। रजिस्ट्रार समाधान हो जाने पर और दो सौ पचास रूपये की फीस की प्राप्ति पर, तदनुसार परिवर्तित नाम रजिस्टर में प्रविष्ट करेगा। रजिस्ट्रार द्वारा रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र में आवश्यक परिवर्तन भी किया जाएगा।

5. राज्य रजिस्टर का पुनरीक्षण और प्रकाशन.––(1) रजिस्ट्रार सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायियों के राज्य रजिस्टर को प्रत्येक पाँच वर्ष के पश्चात् पुनरीक्षित करेगा और उसमें निम्नलिखित दर्ज करेगा:–

(क) पहले से ही रजिस्ट्रीकृत सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायियों की संख्या;

(ख) राज्य रजिस्टर के पुनरीक्षण से पूर्व पांच वर्ष की अवधि के दौरान रजिस्ट्रीकृत सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायियों की संख्या;

(ग) सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायियों के नाम, जिन्हें राज्य रजिस्टर में पुनः प्रत्यावर्तित किया गया है;

(घ) सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायियों की संख्या, जिनके नाम राज्य रजिस्टर के पुनरीक्षण से पूर्व पाँच वर्ष की अवधि के दौरान राज्य रजिस्टर से, अधिनियम या नियमों के उपबन्ध जिनके अन्तर्गत नाम हटाये गए हैं, का कथन करते हुए, हटाए गए हैं; और

(ङ) सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायियों की संख्या, जिनके नाम राज्य रजिस्टर के पुनरीक्षण से पूर्व पाँच वर्ष की अवधि के दौरान मृत्यु के कारण हटाए गये हैं।

(2) प्रथम राज्य रजिस्टर को प्रथम परिषद् के गठन की तारीख से 180 दिन के भीतर राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा।

(3) पुनरीक्षित राज्य रजिस्टर को, राज्य रजिस्टर के पुनरीक्षण को पूर्व पाँच वर्ष की अवधि के पूर्ण होने के पश्चात् 180 दिन के भीतर राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा और पुनरीक्षण द्वारा प्रतिकूलतः प्रभावित रजिस्ट्रीकृत सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायियों को रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा, उन पर होने वाले प्रतिकूल प्रभावों के वारे में सूचित किया जाएगा।

(4) इस प्रकार प्रकाशित, यथास्थिति, राज्य रजिस्टर या पुनरीक्षित राज्य रजिस्टर की एक प्रति परिषद् के सूचना पट्ट (नोटिस बोर्ड) पर चिपकाई जाएगी।

(5) रजिस्टर की मुद्रित प्रतियां, विक्रय के लिए परिषद् द्वारा समय–समय पर निर्धारित की गई कीमत पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

(6) रजिस्ट्रार, राज्य रजिस्टर की मुद्रित अन्तःपत्रित (इन्टरलीवड) प्रति रखेगा, जिसमें वह प्रत्येक वर्ष के दौरान कोई प्रविष्टि, परिवर्तन या विलोपन, जो भी आवश्यक हो, करेगा।

6. द्विप्रतीक रजिस्ट्रीकरणी प्रमाण–पत्र जारी करना**रू**– यदि मूल रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र खो जाता, नष्ट हो जाता या विकृत हो जाता है, तो रजिस्ट्रीकृत सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी या रजिस्ट्रीकृत सह–पशु चिकित्सीय स्थापन किसी भी समय जिसके दौरान उसका प्रमाण पत्र प्रवृत है, रजिस्ट्रार को द्विप्रतीक प्रमाण–पत्र के लिए आवेदन कर सकेगा और रजिस्ट्रार अपना समाधान हो जाने पर केवल दो सौ पचास रूपये की प्राप्ति पर द्विप्रतीक प्रमाण–पत्र जारी करेगा। प्रमाण पत्र के उपरी भाग पर "द्विप्रतीक प्रमाण–पत्र" अंकित किया जाएगा।

7. सत्यापित प्रति के प्रदाय के लिए फीस.– (1) परिषद् या रजिस्ट्रार द्वारा पारित किसी आदेश की प्रति के प्रदाय के लिए या रजिस्टर में की गई किसी प्रविष्टि के लिए, दस रूपये प्रति पृष्ठ की दर से फीस प्रभारित की जाएगी:

परन्तु यदि आवेदक प्रति के लिए तुरन्त आवेदन करता है, तो उसे यथा उपरोक्त विनिर्दिष्ट फीस की दुगुनी रकम का संदाय करना होगा।

(2) अति आवश्यक आवेदन की दशा में, मांगी गई प्रति उस दिन से आगामी दिन जिसको आवेदन किया गया है, कार्यालय समय की समाप्ति तक, आवेदक को परिदत्त करने के लिए तैयार रहेगी।

8. सह–पशु चिकित्सीय स्थापन के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन.––(1) प्रत्येक व्यक्ति, जो अधिनियम की धारा 27 के अधीन रजिस्ट्रीकृत पशु चिकित्सीय व्यवसायी के प्रर्यवेक्षण और निदेशों के अधीन पशु चिकित्सीय सेवाएं देने के लिए कोई सह–पशु चिकित्सीय स्थापन चलाने का आश्रय रखता है, रजिस्ट्रार, हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्, शिमला के पक्ष में, केवल एक हजार रूपये की रकम सहित, किसी अनुसूचित बैंक में आहरण किए जाने वाले डिमांड ड्राफ्ट के रूप में अधिनियम की धारा 28 (2) के साथ पठित प्ररूप–ख में सह–पशु चिकित्सीय स्थापन के रजिस्ट्रीकरण के लिए परिषद् को आवेदन करेगा। इस प्रकार जारी किया गया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र तीन वर्ष की अवधि के लिए विधिमान्य होगा और तत्पश्चात नवीकरण फीस के रूप में पांच रूपये का संदाय करने पर नवीकृत किया जाएगा।

————

प्ररूप–क
(धारा 38 (2) और विनियम 3 (1) देखें)
हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्
सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायियों का राज्य रजिस्टर

क्रम संख्या	सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी का पिता /पति के नाम सहित पूरा नाम	सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी का पता	संस्थान के नाम सहित अर्हताओं को प्राप्त करने की तारीख	संदत फीस	जन्म की तारीख सहित आयु	सेवा का स्थान
1	2	3	4	5	6	7

रजिस्ट्रीकरण संख्या	रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण पत्र जारी करने का स्थान और तारीख	तारीख जिसको रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण पत्र का अवसान होना है।	नवीकरण की तारीख	सह–पशु चिकित्सीय व्यवसायी का स्टैंम्प के आकार का नवीनतम फोटो चिपकाएं	टिप्पणी, यदि कोई है	रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर
8	9	10	11	12	13	14

अध्यक्ष
हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्,
शिमला ।

स्थान .....
तारीख .....

————

प्ररूप–ख
(धारा 28(2) और विनियम 8 देखें)
सह–पशु चिकित्सीय स्थापन के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन

सेवा में,

रजिस्ट्रार,
हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद्,
शिमला–171005.

श्रीमान जी,

मैं हिमाचल प्रदेश सह–पशु चिकित्सीय परिषद् अधिनियम, 2010 की धारा 27 के अधीन .... तहसील ..... जिला ..... (हि.प्र.) में सह–पशु चिकित्सीय स्थापन की स्थापना करने के लिए अनुज्ञा हेतु आवेदन करता हूँ। अपेक्षित विवरण निम्न प्रकार से हैं:–

(क) आवेदक का विवरणः .....
(ख) आवेदक का नाम .....
(ग) पता .....
(घ) पता, जहाँ पर सह–पशु चिकित्सीय स्थापन क्रियाशील किया जाना है; .....
(गली संख्या, शहर, पिन कोड, दूरभाष संख्या, टेली फैक्स)
(ङ) राज्य रजिस्टर के अनुसार रजिस्ट्रीकरण संख्या और तारीख .....

संलग्नकों की सूची;–

1. रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रति।
2. उपलब्ध अवसंरचना, जैसे रेफ्रिजेरेटर, फर्नीचर, कास्ट्रेटरज और पशु सम्भालने हेतु खुला स्थान।

भवदीय,

(आवेदक)

तारीख .....
स्थान .....

आदेश द्वारा,
अतिरिक्त मुख्य सचिव,
हिमाचल प्रदेशेश सरकार।

————————

ANIMAL HUSBANDRY DEPARTMENT

NOTIFICATION

Shimla-5, the 19th March, 2015

No. AHY-A(3)-1/09-Part-I.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-ection (1) of section 54 of the Himachal Pradesh Para-veterinary Council Act, 2010 (Act No.21 of 2010), the Governor, Himachal Pradesh is pleased to formulate the Himachal Pradesh Para-veterinary Council regulations, 2015, namely:--

1. **Short title and commencement**:-- (1) These regulations may be called the Himachal Pradesh Para-veterinary Council (management of the property, the maintenance and audit of its accounts) Regulations, 2015.

(2) They shall come into force from the date of their publication in the Official Gazette.

2. Definitions.-- (1) in these regulations, unless the context otherwise requires--

(a) "Form" means the form appended to these regulations;
(b) "Regulations" means the Himachal Pradesh Para-veterinary Council regulations 2015;
(c) "Budget" means the budget of the council;
(d) "Committee" means the committee constituted by the council;

(e) "Year" means the year commencing on the 1st day of April and ending on the 31st day of March; and

(2) All other words and expressions used in these regulations but not defined shall have the same meanings as have been respectively assigned to them in Act and rules framed there under.

3. Acquisition of property.—The Council may acquire property either by purchase or lease for the purpose of the Act.

4. Register of immovable property.—The Council shall maintain a register of immovable property vested in and belonging to it in the **Form-A** appended to these regulations.

5. Maintenance of property.—The Registrar shall maintain upkeep the property and keep the accounts thereof separately.

6. Purchase and acceptance of gift or donation- The Council may also purchase such movable property as may be required, accept the gift or donations thereof and cause it to be entered in the stock register of the Council.

7. Transfer of immovable property- The Council may pass a resolution that any immovable property which is not required by the council in near future may be transferred by sale or lease.

8. Transfer by public auction:--No transfer of immovable property by sale or lease shall be made except by public auction:--

Provided that if the Council is of the opinion that it is not desirable to transfer such property by public auction, it may with the previous approval of the State Government affect such transfer without public auction.

9. Conduct of auction.--The auction of the immovable property of the Council shall be conducted by the Registrar in such manner as may be directed by the Council from time to time.

